हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## दुबई में 'विजयोत्सव'

**तिलक वर्मा**
- 53 गेंद
- 3 चौके
- 4 छक्के नाबाद
- 69 रन नाबाद

**कुलदीप यादव**
- 4 विकेट ■ 30 रन

- भारत ने नौवीं बार जीता एशिया कप
- पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया
- तिलक की अर्धशतकीय पारी से जीता भारत



# पाक पर हैट्रिक प्रहार, भारत ने जीता एशिया कप

## प्लेयर ऑफ द मैच- तिलक वर्मा

### भारतीय टीम ने एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से किया इंकार बीसीसीआई ने किया 21 करोड़ ईनाम का ऐलान

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारत ने अजेय रहते हुए यह टूर्नामेंट अपने नाम किया और पाकिस्तान के मुंह से जीत छीन ली। भारतीय टीम ने 2023 में वनडे प्रारूप के बाद 2025 में टी20 प्रारूप का एशिया कप जीत लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए, जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया।

*पाकिस्तान पर जीत के बाद पीएम मोदी का पोस्ट, 'मैदान पर भी #OperationSindoor कामयाब, भारत जीता'*

### राजधानी रायपुर समेत देशभर में जश्न

*भारत की जीत के बाद देश की सड़कों पर क्रिकेट प्रशंसक भारत का झंडा लेकर जश्न मनाते दिखे। विभिन्न शहरों में पटाखे फोड़े गए और मिठाइयां बांटी गईं। राजधानी रायपुर के जय स्तंभ चौक पर क्रिकेटप्रेमियों ने देर रात तक जश्न मनाया। लगातार दो मैचों में जीत के बाद भी जश्न नहीं मनाया गया था, लेकिन टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक के बाद रायपुर के प्रमुख चौराहे पर युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।*

आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹81665/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹99740/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹108876/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मण का किरदार निभा चुके वीर शर्मा व भाई की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा जिले के अनंतपुरा इलाके में शनिवार देर रात एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। इस हादसे में 10 वर्षीय टीवी कलाकार वीर शर्मा और उसके बड़े भाई 15 वर्षीय शौर्य शर्मा की मौत गो गई। बताया जा रहा है कि आग चौथी मंजिल पर लगी थी। उस समय दोनों बच्चे अकेले थे। दोनों की मौत दम घुटने की वजह से हुई। पड़ोसियों ने धुआं निकलते देखा तो दरवाजा तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

**करूर भगदड़**
टीवीके नेताओं पर केस, हाईकोर्ट पहुंची पार्टी

# भगदड़ में मरने वालों की संख्या पहुंची 40, अब भी 51 गंभीर, नेताओं पर केस

करूर में अभिनेता विजय की जनसभा में हुई भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। करीब 95 लोग घायल हैं, 51 आईसीयू में भर्ती हैं। विजय के करीबी समेत उनकी पार्टी टीवीके 2 नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। इस बीच, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने भगदड़ के पीछे डीएमके की साजिश का आरोप लगाया है। पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है।

एजेंसी ▶▶| चेन्नई/करूर

तमिलनाडु में करूर के वेलुचामीपुरम में मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है, जिनमें नौ बच्चे शामिल हैं। इस घटना से अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के सदस्य स्तब्ध हैं। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के. पलानीस्वामी ने रविवार को दावा किया कि यहां टीवीके की राजनीतिक रैली में हुई भगदड़ पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा में हुई चूक का सबूत है। पुलिस ने हालांकि दावा किया कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, क्योंकि अभिनेता को देखने के लिए अपेक्षित संख्या से कहीं अधिक हजारों लोग एकत्र ▶▶| शेष पेज 7 पर



### मृतक के परिजनों को 20 लाख मुआवजा

टीवीके के अध्यक्ष विजय ने 27 सितंबर को करूर में अपनी पार्टी की रैली के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 20 लाख रुपए मुआवजा देने की रविवार को घोषणा की। विजय ने यह भी कहा कि घटना में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को दो लाख रुपये दिया जाएगा।

### डीजीपी बोले- विजय की देरी बनी हादसे की वजह

तमिलनाडु के डीजीपी जी. वेंकटरमन ने रविवार को कहा कि करूर में अभिनेता विजय के कार्यक्रम स्थल पर देर से पहुंचने के कारण भीड़ बढ़ गई थी और तपती धूप में इंतजार कर रहे लोगों के पास न तो ठीक से कुछ खाने के लिए था और न ही पीने के लिए पानी।

### चप्पलों के ढेर और टूटे खंभे

*बिखरी पड़ी चप्पलें, पिचकी हुई पानी की बोतलें, टूटे खंभे और बिखरे कागज-उस भयानक पल की गवाही दे रहे थे, जिसने कई जिंदगियों को निगल लिया और जश्न को मातम में बदल दिया। सुबह की सैर पर निकले लोग और दूध-सब्जी लेने निकले राहगीर जब तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय की बीती रात हुई रैली के स्थल से गुजरे तो वहां पसरे सन्नाटे और बिखरे सामान को देखकर स्तब्ध रह गए। कोई समझ नहीं पा रहा था कि आखिर रात में ऐसा क्या हुआ, जिसने यह भयावह दृश्य अपने पीछे छोड़ दिया।*

**ललित महल में रास गरबा, शामिल हुए मंत्री कश्यप, प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी**

# आस्था से सजा रास गरबा मंडप पूजा-अर्चना के साथ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ललित महल में गुंजन्स और हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के रास गरबा की विधिवत शुरुआत पारंपरिक तरीके से की गई। वनमंत्री केदार कश्यप, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने गरबा मंडप में माता की पूजा-अर्चना के साथ रास गरबा उत्सव का आगाज किया। इस पल को खास बनाने के लिए पारंपरिक परिधान में गरबा मैदान में जमे गरबा प्रेमियों ने इसके बाद कदमताल मिलाते हुए माता के दरबार को भक्ति से सराबोर किया। रास गरबा का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम आयोजक गुंजन चौहान ने सभी प्रतिभागियों को गरबा में तीन दिन तीन थीम की जानकारी दी। पहले दिन की थीम ट्रेडिशनल ड्रेस होने से लोग तैयारी के साथ शामिल होने पहुंचे। लोगों ने उत्सव को भक्ति से सजाने का सुंदर प्रयास किया। मीडिया पार्टनर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के साथ आयोजक ने पहले ▶▶| शेष पेज 7 पर





### आकर्षक गरबा शैली से जमाया रंग

रास गरबा की श्रृंखला में भक्ति गीतों से सराबोर गरबा मंडप में लोगों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा था। हर राउंड के बीच में थोड़ी देर का ब्रेक दिया गया। मंचस्थ अतिथियों ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के बैनर तले लोगों की हौसला-अफजाई की। प्रतिस्पर्धा के चलते ही नहीं, बल्कि अलग-अलग ग्रुप से जुड़े रास गरबा दलों ने भी अपनी आकर्षक गरबा शैली से लोगों को उत्सव का माहौल दिया। लोगों को व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर देने के लिए स्टाल्स भी सजाए गए हैं। इससे लोगों को खानपान के लिए विकल्प मिला। इस बार भी महिलाओं और युवतियों का रास गरबा दल आकर्षण का केंद्र बना है। दूसरी तरफ युवाओं का ग्रुप भी पारंपरिक परिधान में उत्सव का हिस्सा बना।

## राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष, ए. रघुराम बने कोषाध्यक्ष

**वार्षिक बैठक में नई कार्यकारणी का चुनाव, कोषाध्यक्ष के बाद अब ज्वाइंट सेक्रेटरी की मिली जिम्मेदारी**

# मन्हास बीसीसीआई के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ के प्रभतेज को ज्वाइंट सेक्रेटरी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया का कद बढ़ गया है। उन्हें अब ज्वाइंट सेक्रेटरी की नई जिम्मेदारी मिल गई है। रविवार को हुई वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ है, जिसमें प्रभतेज को निविरोध चुना गया। श्री भाटिया इससे पहले बीसीसीआई में कोषाध्यक्ष थे। बता दें कि नई कार्यकारणी में मिथुन मन्हास को अध्यक्ष चुना गया है, वहीं राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष व देवजीत सैकिया को सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को संयुक्त सचिव चुना गया है। बोर्ड में अब कोषाध्यक्ष ए. रघुराम भाट बने हैं। श्री भाटिया के संयुक्त सचिव बनने से अब एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में क्रिकेट को लेकर विकास की उम्मीद बढ़ गई है। कोषाध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 7 पर



### छत्तीसगढ़ से पहले ज्वाइंट सेक्रेटरी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड में छत्तीसगढ़ से अभी तक किसी को ज्वाइंट सेक्रेटरी जैसे अहम पद की जिम्मेदारी नहीं मिली है। कोषाध्यक्ष के बाद अब ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर प्रभतेज सिंह भाटिया को मौका मिला है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड में ज्वाइंट सेक्रेटरी का पद विशेष महत्व रखता है, क्योंकि अंडर-19 टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीमों के चयन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### छग क्रिकेट एसोसिएशन से लंबे समय तक जुड़े रहे भाटिया

*बीसीसीआई के नए ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर प्रभतेज को चुना गया है। वे छत्तीसगढ़ के रायपुर के रहने वाले हैं और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन से लंबे समय तक जुड़े रहे हैं। 1991 में रायपुर में जन्मे प्रभतेज सिंह भाटिया उद्योगपति और समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया के बेटे हैं। प्रभतेज के पिता बलदेव सिंह भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रहे हैं। अपनी स्कूली शिक्षा शिमला से प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने यूनाइटेड किंगडम स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में फाइनेंस का कोर्स किया है।*

वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू.
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़ें रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512
अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.
हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/M1/2025-26/15/Hin

बस्तर के सर्वाधिक लोकप्रिय महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव, महारानी वेदवती के साथ ऐतिहासिक दशहरा में रथारूढ़ होते रहे। 1965 में अंतिम बार महाराजा और महारानी रथ में सवार हुए थे। 25 मार्च 1966 को राजमहल गोलीकांड में प्रवीर की हत्या कर दी गई। उसके बाद उसी साल दशहरा में महारानी वेदवती रथारूढ़ हुई। जो बस्तर रियासत के काकतीय राजपरिवार का अंतिम बार रथ में सवार होने का प्रमाण है।

## भंजदेव के विवाह के बाद उठा बस्तर दशहरा में रथारूढ़ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासन के आदेश से दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी लल्लु प्रसाद पाढ़ी देवी दंतेश्वरी के छत्र को लेकर रथ में सवार होते रहे। अब उनका पुत्र इस परंपरा को निभा रहे हैं। 6 दशक के बाद बस्तर के वर्तमान महाराजा कमलचंद भंजदेव, जिनका विवाह इसी वर्ष हुआ है। उनको रथ में सवार करने की मांग पहली बार उठी है। वह भी दशहरा के विभिन्न रस्मों में अहम भूमिका निभाने वाले मांझी, चालकी, मेंबर, मेंबरिन, पटेल और कुछ समाजों के द्वारा जिला प्रशासन से यह मांग करते हुए लिखित

**सांसद ने राजपरिवार से जुड़े लोगों के आवेदन को कलेक्टर को सौंपा**





में पत्र सौंपा गया है। सांसद महेश कश्यप राजपरिवार के करीबियों में शामिल हैं। इसलिए उन्होंने दशहरा समिति के अध्यक्ष होने के नाते पत्र को कलेक्टर को सौंपा है। जिसमें उन्होंने भी बंद हो चुकी इस परंपरा को फिर से जारी रख महाराजा को पत्नी के साथ रथ में सवार होने का समर्थन किया है। यह मामला सामने आने के बाद आरोप प्रत्यारोप तथा समर्थन एवं विरोध के स्वर बुलंद होने लगे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य समेत कांग्रेसियों ने इसका कड़ा विरोध किया हैं। उन्होंने लोकतंत्र में बंद हो चुके राजतंत्र को फिर से लाने को जनहित में गलत बताया है। जिसका कड़ा विरोध करने का ऐलान भी किया गया है। वहीं भाजपाइयों ने इस पर चुप्पी साधी है। हालांकि महाराजा कमलचंद भंजदेव भाजपा नेता है। जिन्हें केंद्रीय नेताओं के नजदीकी होने के चलते एनएसजी की सुरक्षा मिली हुई है। उनकी माता कृष्णाकुमारी देवी गुजरात से है।

### महारानी अंतिम शासक रथारूढ़ हुई

1965 तक महाराजा प्रवीर और महारानी वेदवती रथ में सवार होकर दशहरा में जनता को दर्शन देते थे। महाराजा के हत्या के बाद 1966 के दशहरा में महारानी वेदवती अंतिम बार रथ में सवार हुई थी। उसके बाद पुजारी देवी दंतेश्वरी के छत्र के साथ रथारूढ़ होते आए हैं।

- रूद्र नारायण पाणीग्राही
लेखक और जानकार

### कमलचंद के पिता और दादा रथ में नहीं बैठे

बस्तर रियासत में प्रवीरचंद और विजयचंद दो भाई और दो बहनें थी। प्रवीरचंद देवी दंतेश्वरी के माटी पुजारी माने जाते थे। वे आदिवासियों के मसीहा भी थे। वहीं उनके छोटे भाई विजयचंद को राजनीतिक प्रयासों के चलते महाराजा की पदवी देने की कोशिश की गई थी, जो बाद में लोहंडीगुड़ा गोलीकांड के रूप में घटित हुई। बहरहाल प्रवीर के बाद वर्तमान महाराजा कमलचंद के पिता भरत चंद भंजदेव और दादा विजय चंद भंजदेव रथ में सवार नहीं हुए हैं। 60 साल बाद यह मामला कमलचंद की शादी के बाद उठा है।

## खबर संक्षेप

### कोयला खदान में श्रमिक बनकर काम कर रहा था नक्सली, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसआईए ने रायपुर के बाद कोरबा में दबिश देकर कोयला खदान में श्रमिक बनकर काम कर रहे नक्सली रामा इचा को गिरफ्तार कर लिया है। उसका संबंध चंगोराभाठा में पकड़े गए नक्सली जग्गू कुरसम उर्फ रमेश और उसकी पत्नी कमला सुरसम से था। वह कई बार उनसे मिलने रायपुर भी गया था। पति पत्नी भी उससे मिलने कोरबा जाते थे, उनके बीच पैसे का लेनदेन भी हुआ है। एसआइए ने उसे बिलासपुर एनआईए कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। ज्ञात हो कि 23 सितंबर को एसआईए और डीडीनगर पुलिस चंगोराभाठा में दबिश देकर भैरंगढ़ डिवीजनल कमेटी के मेंबर डीवीसी जग्गू कुरसम उर्फ रमेश 28 साल व उसकी पत्नी एरिया कमेटी मेंबर कमला कुरसुम को पकड़ा था और दोनों नक्सली थे। पिछले तीन चार से दोनों रायपुर में रह रहे थे। दोनों से पूछताछ करने के बाद एसआईए की टीम ने शनिवार को कोरबा की कोयला खदान में दबिश देकर नक्सली रामा इचा को पकड़ लिया है।

### पीसीसी ने 41 संगठन जिलों में की पर्यवेक्षक की नियुक्ति

## कांग्रेस संगठन चुनाव में आई तेजी पर्यवेक्षक को जिलों का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


**छत्तीसगढ़ में जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिलों में पर्यवेक्षकों को जिलों की जिम्मेदारी दे दी गई है। पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक पदाधिकारियों को इसमें शामिल किया गया है। एआईसीसी द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों में से रायपुर की जिम्मेदारी प्रफुल्ल गुदाधे को दी गई है। पीसीसी ने यहां के लिए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय और धीरज बाकलीवाल को पर्यवेक्षक बनाया है।**

अन्य जिलों में जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है उनमें जशपुर, सरगुजा में राजेश ठाकुर एआईसीसी के पर्यवेक्षक होंगे। पीसीसी ने यहां पर धनेंद साहू, सावित्री मंडावी और अमरजीत चावला को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

**खास खबर**

सूरजपुर, बलरामपुर जिले के लिए विकास ठाकरे को एआईसीसी पर्यवेक्षक और पीसीसी ने यहां पर अमितेश शुक्ल, द्वारिकाधीश यादव और छन्नी साहू को पर्यवेक्षक बनाया है। कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में सुबोध कांत सहाय को एआईसीसी पर्यवेक्षक बनाया है। वहीं पीसीसी ने सांसद फूलो देवी, संगिता सिंहा और अशोक राज आहूजा के नाम शामिल हैं।

### टीएस सिंहदेव, धनेंद्र, ताम्रध्वज, अमितेश सहित कई पदाधिकारी शामिल



**सभी जिलों की रिपोर्ट एआईसीसी को :** 30 जिलों में नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। जिन जिलों में पहले नियुक्ति हो चुकी है, वहां पर निष्क्रिय लोगों को हटाया जा सकता है। पर्यवेक्षकों को यहां पर जिलों का आवंटन एक-दो दिन बाद पीसीसी अध्यक्ष के लौटने पर किए जाने की संभावना है। बताया जाता है कि एक पर्यवेक्षक को दो जिलों का आवंटन होगा। पर्यवेक्षक अक्टूबर के पहले सप्ताह में आकर प्रक्रिया पूरी करेंगे। देंगे। ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा।

### युवा और सक्रिय लोगों को मौका

बताया गया है कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अब नए सिरे से होगी। कांग्रेस के संगठन जिलों में अध्यक्ष बनाए जाएंगे। पूर्व में तीन माह पूर्व 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। नए निर्देश के बाद अब सभी जगहों पर नए जिला अध्यक्ष बनाए जाने के संकेत हैं। बताया जाता है कि संगठन में अध्यक्ष के अलावा ब्लॉक अध्यक्षों को नए सिरे से नियुक्त किया जाएगा।

### बिलासपुर के लिए उमंग और टीएस करेंगे

बिलासपुर में उमंग सिंहारे एआइसीसी के पर्यवेक्षक होंगे। पीसीसी ने यहां पर टीएस सिहदेव, धनेश पाटिला और नरेश ठाकुर को जिम्मेदारी दी है। वहीं दुर्ग जिले में एआईसीसी पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू को बनाया गया है। पीसीसी ने अनिला भेडिया, यूडी मिंज और विकम मंडावी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राजनांदगांव जिले में संगठन चुनाव के लिए एआईसीसी ने चरण सिंह सपरा और पीसीसी ने उमेश पटेल, संदीप साहू और बीरेश ठाकुर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### निष्क्रिय अध्यक्ष का बचना मुश्किल

पर्यवेक्षक आएंगे और दावेदारों की प्लस और माइनस दोनों रिपोर्ट जुटाएंगे। फिर 3 से 6 नामों का पैनल तैयार करके ले जाएंगे। पर्यवेक्षकों के पैनल को फिर हाईकमान अपने स्तर पर क्रॉस चेक कराएगा। ऐसे में अब सिफारिश कराने वालों की ज्यादा नहीं चलेगी, हालांकि प्रभारी और पीसीसी अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी जाएगी। मौजूदा समय में जो जिला अध्यक्ष निष्क्रिय हैं, उनके लिए पद बचाना मुश्किल होगा।

### पार्टी कार्यालयों में ही करेंगे बैठक

पार्टी सूत्रों के मुताबिक पर्यवेक्षकों को पैनल तैयार करने की हिदायत दी गई है। कहा गया कि जिलों में बड़े नेताओं के घर बैठक नहीं लेंगे। ब्लाकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। वहां से नाम लेकर अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के साथ बैठक की पूरी सूची तैयार करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन ने बूथ स्तर पर सेक्टर और समिति गठन के लिए नामों की सूची तैयार की थी। सूची के आधार पर ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी थी।

### बेटे के इलाज के लिए मिली थी बेल

## रेलवे चीफ इंजीनियर के भाई को हाईकोर्ट से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज : बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चीफ इंजीनियर के भाई को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। साथ ही उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोपी कुणाल आनंद ने अपने 13 साल के बेटे के ब्लड कैंसर का इलाज कराने के लिए जमानत अर्जी लगाई थी, जिस पर पूर्व में हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत दी थी।

बता दें कि सीबीआई की टीम ने आरोपी रेल अफसर विशाल आनंद और उसके भाई को ठेका दिलाने के एवज में 32 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर वो अंतरिम जमानत पर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के आरएसडब्ल्यू में मुख्य अभियंता विशाल आनंद ने झाझरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को ठेका दिलाने के लिए रिश्वत मांगी थी।

### 13 साल के बेटे को ब्लड कैंसर

आरोपी कुणाल आनंद ने पूर्व में हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत अर्जी लगाई थी, जिसमें उसने बताया कि उसके 13 साल के बेटे को ब्लड कैंसर है, जिसका इलाज कराने की जरूरत है। इसके लिए उसने अंतरिम जमानत देने का आग्रह किया। इस याचिका के साथ उसने अपने बेटे का मेडिकल रिपोर्ट भी पेश किया। सीबीआई ने भी माना कि आरोपी का बेटा ब्लड कैंसर से पीड़ित है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उसे एक माह के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी थी। आदेश के अनुसार उसे एक महीने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर करना था।




रायपुर
सोमवार, 29 सितंबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 74
पृष्ठ : 12+8+4 = 24 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


मौसम
अधि. 32.3
न्यून. 24.6


05 पहाड़ी लुक में आईं नजर : यामी





विचार पेज
04 मिसाइल तकनीक में भारत की छलांग







गृहमंत्री ने नक्सलियों के हथियार डालने के प्रस्ताव को ठुकराया

# छत्तीसगढ़ के साथ ही देश में 31 मार्च तक खत्म हो जाएगा नक्सलवाद: शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में 'नक्सल मुक्त भारत' समापन समारोह को संबोधित करते हुए दावा किया कि 31 मार्च 2026 तक देश से हथियारी नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने नक्सलवाद के वैचारिक, कानूनी और वित्तीय पोषण पर सवाल उठाते हुए समाज से इसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की। अमित शाह ने कहा, नक्सलवाद क्यों पनपा, क्यों बढ़ा, इसका वैचारिक पोषण किसने किया? जब तक समाज इसके समर्थकों को नहीं समझता, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पूरी नहीं होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि नक्सलवाद के विचार को खत्म करने के लिए समाज को जागरूक होना होगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- नक्सलवाद की जड़ें और वैचारिक पोषण पर किया सवाल



## तीन हॉटस्पॉट पर कार्रवाई

केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि जब नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने, तब देश तीन प्रमुख आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों- जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सल प्रभावित इलाकों से जूझ रहा था। इन क्षेत्रों में दशकों से अशांति थी, जिसमें हजारों लोगों की जान गई और बजट का बड़ा हिस्सा इन चुनौतियों से निपटने

## रेड कॉरिडोर का अंत

मित शाह ने कहा कि कभी 'रेड कॉरिडोर' कहलाने वाला क्षेत्र, जिसमें देश का 70% हिस्सा और 12 करोड़ लोग नक्सल प्रभाव में थे, अब सिकुड़ रहा है। मोदी सरकार ने संवाद, सुरक्षा और समन्वय की त्रिस्तरीय रणनीति अपनाई। उन्होंने दावा किया, 31 मार्च 2026 तक हथियारी नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा।

## इधर, तिरियापानी में तीन नक्सली मारे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

*तिरियापानी के जंगल में हुई मुठभेड़ में फोर्स ने तीन नक्सलियों को मार गिराने में सफलता पाई है। थाना कांकेर के ग्राम तिरियारपानी में 28 सितंबर की सुबह 7 बजे से चली मुठभेड़ में सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के सचिव सरवन मडकम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम पुनेम, राजेश उर्फ राकेश हेमला एसीएम, सीतानदी नगरी एरिया कमेटी/गोबरा एलओएस कमाण्डर और सदस्य बसंती को मार गिराने सफलता मिली है। वहीं तीन एसएलआर, थ्री नाट थ्री और 12 बोर बंदूक भी बरामद की गई है। मदद के लिए गरियाबंद पुलिस भी अपने इलाके में*

## पाक उच्चायोग को देता था खुफिया जानकारी, पकड़ा गया तौफिक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा से एक और गिरफ्तारी हुई है। पलवल जिले के आलीमेव गांव के 35 साल के तौफिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मचारी के संपर्क में था और उसे भारतीय सेना की खुफिया जानकारी भेजता था। वह कई लोगों को पाकिस्तान भी भेज चुका है। केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए पलवल ने तौफिक को गिरफ्तार किया। वह भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी को भेज रहा था।

## ओली सहित 5 नेताओं के काठमांडू छोड़ने पर रोक

**काठमांडू।** नेपाल के जेन-जी आंदोलन के दौरान युवा प्रदर्शनकारियों पर हुई गोलीबारी की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सहित पांच प्रमुख व्यक्तियों को बिना अनुमति काठमांडू छोड़ने से रोक दिया है। ओली के अलावा पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक, गोकर्ण मणि दुवाडी, हुत राज थापा, छवि रिजाल शामिल हैं।









## पूरे यूक्रेन में रेड अलर्ट पोलैंड में एयर स्पेस बंद

# रूस ने 568 ड्रोन, 43 मिसाइलें दागकर यूक्रेन में मचाई तबाही

## पोलैंड ने भी अपनी वायु सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए भेजा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रूस ने रविवार तड़के कीव और यूक्रेन के अन्य हिस्सों पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार कर दी। जिनमें बड़ी संख्या में रिहायशी इलाकों में तबाही मच गई। हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और दर्जनों घायल होने के समाचार हैं। हालांकि यूक्रेन की सेना का दावा है कि उसने 568 ड्रोन और 43 मिसाइलों को मार गिराया लेकिन हकीकत इसके उलट है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि 12 घंटे तक चले हमले में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उधर, पोलैंड ने दो दक्षिण-पूर्वी शहरों के पास अपना एयर स्पेस बंद कर दिया और उसकी वायु सेना ने खतरा टलने तक जवाबी कार्रवाई में जेट विमान भेजे।

### पोलैंड और एस्टोनिया ने शुरू की युद्ध की तैयारी

यूक्रेन पर रूस के बड़े हमलों के बाद पोलैंड और एस्टोनिया ने भी लगभग जंग की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात पोलैंड ने विमानों को अलर्ट पर भेजा और अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। हालांकि पोलैंड ने इसे 'सावधानी के तौर पर उठाया गया कदम' बताया ताकि नागरिक सुरक्षित रहें।



### रूस ने आरोपों का किया बचाव

जेलेंस्की ने रूस पर नाटो देशों को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया. 20 सितंबर को ब्रिटेन ने पोलैंड के ऊपर ड्रोन उल्लंघन के बाद नाटो मिशन के तहत फाइटर जेट भेजे थे. हालांकि रूस ने कहा है कि उसका पोलैंड पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है।

**रूस के हमलों से रिहायशी इलाकों में भगदड़ :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि इस हमले में एक कार्डियोलॉजी क्लिनिक, कारखाने और आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और कई के मारे जाने व घायल होने के समाचार हैं। वहीं यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूस ने रात भर में 595 ड्रोन और 48 मिसाइलें दागीं और उसकी एयर डिफेंस सिस्टम ने कई को मार गिराया। हमले का मुख्य लक्ष्य राजधानी कीव थी।

### रूस ने दागीं लंबी दूरी की मिसाइलें

रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने यूक्रेन पर लंबी दूरी के हवाई और समुद्री हथियारों और ड्रोन का इस्तेमाल करके हवाई अड्डों सहित सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर एक बड़े पैमाने पर हमला किया है। मॉस्को ने यूक्रेन के खिलाफ अपने युद्ध में नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है। इस हमलों में रिहायशी इलाकों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से किया आग्रह



जेलेंस्की ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस के ऊर्जा राजस्व को रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया, जिससे उसके आक्रमण को वित्तपोषित किया जाता है। यूक्रेन अब तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को मॉस्को पर दंडात्मक प्रतिबंध लगाने के लिए मनाने में विफल रहा है। उन्होंने टेलीग्राम पर कहा, निर्णायक कार्रवाई का समय बहुत पहले आ गया है, और हम संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, जी-7 और जी-20 से कड़ी प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### उप्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं 'चौपट' : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को 'चौपट' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार राजधानी लखनऊ के बड़े अस्पतालों में भी मरीजों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही है। यादव ने यहां एक बयान में आरोप लगाया, ''भाजपा सरकार ने पूरी व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। गुणवत्तापूर्ण इलाज के अभाव में मरीज निजी अस्पतालों में जाने पर मजबूर है। भाजपा सरकार जानबूझकर सरकारी सेवाओं को खराब कर रही है।

### 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट को लेकर युवक की हत्या

**करीमनगर।** तेलंगाना के जगतियाल जिले के एक गांव में रहने वाली एक महिला के बारे में 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट करने के लिए उसी गांव के 28 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सारंगपुर मंडल के रेचापल्ली गांव में रहने वाले चालक एडुरुगतला सतीश के रूप में हुई है, जो पहले उस महिला के साथ रिश्ते में था। पुलिस के अनुसार, महिला ने हाल ही में सतीश को बताया कि वह अब इस रिश्ते को जारी नहीं रखना चाहती क्योंकि उसका परिवार उसके विवाह के लिए वर की तलाश कर रहा है।

### साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान के अलवर में साइबर धोखाधड़ी रैकेट चलाने के आरोप में एक निजी बैंक के कर्मचारियों सहित छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से 26 एटीएम कार्ड, 33 मोबाइल फोन, 34 सिम कार्ड और 2.5 लाख रुपये नकद, चेक बुक, पासबुक और दो कार भी जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार यह संगठित गिरोह सैकड़ों करंट/कॉर्पोरेट खातों को ऊंचे कमीशन पर साइबर अपराधियों को बेच रहा था, जिससे 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया गया।

### हिंसा के लिए सुरक्षा बलों को जिम्मेदार ठहराया

# 'मेरे पति के साथ अपराधी जैसा बर्ताव' वांगचुक की पत्नी का आरोप, कार्रवाई पर भड़का विपक्ष

*मशहूर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के साथ ही उन पर एनएसए यानी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया गया है। इस सख्त कार्रवाई के उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो ने वांगचुक पर लेह में हिंसा भड़काने के आरोप को 'बेबुनियाद' बताते हुए दावा किया कि वह 'सर्वाधिक गांधीवादी तरीके' से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और 24 सितंबर को सीआरपीएफ की कार्रवाई के कारण 'स्थिति बिगड़ गई। उनके पति के साथ बिना किसी कारण एक अपराधी की तरह व्यवहार किया गया।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

गीतांजलि अंगमो ने अपने पति के खिलाफ 'पाकिस्तान से संबंध' होने और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। वहीं इस पूरे प्रकरण में विपक्षी दल सोनम वांगचुक के समर्थन में खड़े नजर आए। कांग्रेस ने इसे सरकार की ध्यान भटकाने की कोशिश बताया, जबकि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कार्रवाई को लेकर रावण और कंस का जिक्र किया। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दावा किया कि उन्हें हिरासत में लिए जाने के आदेश की प्रति नहीं सौंपी गई है। अंगमो ने कहा, ''उन्होंने शुक्रवार को आदेश की प्रति भेजने का वादा किया था। हम कानूनी रास्ता अपनाएंगे। हालांकि, अंगमो ने स्पष्ट किया कि पड़ोसी देश की उनकी हालिया यात्रा पूरी तरह से पेशेवर और जलवायु-केंद्रित थी। अपने पति के पाकिस्तान से संबंधों के आरोपों की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि वांगचुक की सभी विदेश यात्राएं प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के निमंत्रण पर हुई थीं।



### पाक के कार्यक्रम में कई देश शामिल थे

गीतांजलि ने कहा कि हिमालय की चोटी पर स्थित ग्लेशियर यह नहीं देखेगा कि मैं पाकिस्तान में बह रहा हूं या भारत में।'' उन्होंने कहा कि फरवरी में आयोजित 'ब्रीद पाकिस्तान' सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र पाकिस्तान और डॉन मीडिया ने किया था और इसमें बहुराष्ट्रीय सहयोग शामिल था।

### लद्दाखी शब्दों का गलत अर्थ निकाला

अंगमो ने सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, ''मेरा सवाल यह है कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का अधिकार किसने दिया? आप ने अपने ही लोगों, अपने ही युवाओं पर गोली क्यों चलाई?'' वांगचुक द्वारा भड़काऊ भाषण दिए जाने के आरोप पर अंगमो ने दावा किया कि उनके लद्दाखी शब्दों को संदर्भ से बाहर निकालकर गलत अर्थ निकाला गया।

### भाजपा व संघ संस्कृति पर हमला कर रहे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लद्दाख के लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है। उन्होंने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की भी वकालत की। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा लद्दाख के लोगों ने आवाज उठाई। भाजपा ने चार युवकों की जान लेकर और सोनम वांगचुक को जेल में डालकर जवाब दिया। हत्या बंद करो। हिंसा बंद करो। धमकी देना बंद करो।'' उन्होंने कहा, ''लद्दाख को आवाज दीजिए। उन्हें छठी अनुसूची दीजिए।

### केजरीवाल ने की दानवों से तुलना



वहीं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर कहा कि तानाशाही बताया और पौराणिक कथाओं और इतिहास से तुलना की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि रावण का भी अंत हुआ। कंस का भी अंत हुआ। हिटलर और मुसोलिनी का भी अंत हुआ। तानाशाही और अहंकार करने वालों का अंत बहुत बुरा होता है।

### सरकार की कार्रवाई 'दुर्भाग्यपूर्ण'



वहीं, जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने केंद्र पर लद्दाख से किए गए वादों से पीछे हटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण है। वहां के लोगों से वादे किए गए थे मुझे समझ नहीं आता कि केंद्र सरकार को वादे करने के बाद पीछे हटने की क्या मजबूरी है।

### पाकिस्तान से संबंध की हो रही जांच : डीजीपी

लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने कहा है कि वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंध होने की जांच की जा रही है। पिछले महीने एक पाकिस्तानी जासूस की गिरफ्तारी की गई थी जिसने वांगचुक के विरोध प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजे थे। पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ 'संदिग्ध' विदेश यात्राओं का भी हवाला दिया, जिनमें 'द डॉन' के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनका पाकिस्तान जाना भी शामिल है।

### *बरेली बवाल: योगी का तीसरा अल्टीमेटम*

# दंगा किया तो जहन्नुम... गजवा-ए-हिंद पर दूंगा नरक का टिकट

एजेंसी ▸▸| बलरामपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने बरेली बवाल पर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा। गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। इससे पहले सीएम ने रविवार की सुबह देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन कर उनके पांव पखारे। इसके बाद आरती की। यहां से वह गोशाला पहुंचे। वहां पर गायों को चना... गुड़ और रोटियां खिलाकर गोसेवा की।

- **बलरामपुर को दी 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं की सौगात**

मंदिर से निकलने के बाद सीएम धूधुलपुर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने सरकारी योजनाओं पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके साथ ही 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन किया। 2047 में विकसित भारत के लिए आम लोगों से सुझाव भी मांगे।



### भारत में नहीं चलेगा गजवा-ए-हिंद

सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा।

### सीएम ने छांगुर को कहा कालनेमि राक्षस

लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही।

# स्वामी चैतन्यानंद गिरफ्तार, मिले दो पासपोर्ट, यूएन-ब्रिक्स के फर्जी कार्ड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



दिल्ली के एक आश्रम में 17 छात्राओं से यौन शोषण करने के आरोपी स्वयंभू बाबा स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से चैतन्यानंद को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने चैतन्यानंद के काले कारनामों को लेकर कई खुलासे किए हैं। पुलिस को पता चला है कि चैतन्यानंद कई धोखाधड़ी में शामिल रहा है।

**खास बातें**

- आश्रम में छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में था फरार
- दिल्ली पुलिस को मिली 5 दिन की रिमांड

पुलिस को उसके पास से 2 पासपोर्ट बरामद हुए हैं। इसके अलावा उसने संयुक्त राष्ट्र और ब्रिक्स का फर्जी विजिटिंग कार्ड भी बनवा रखा था। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व संचालक स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी पर कॉलेज की 17 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

### दोनों पासपोर्ट पर अलग-अलग नाम

पुलिस को चैतन्यानंद के पास से जाली दस्तावेजों के जरिए बनाए गए 2 पासपोर्ट मिले हैं। एक स्वामी पार्थ सारथी और दूसरा स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के नाम से है। पहले पासपोर्ट में उसने पिता का नाम स्वामी घनानंद पुरी लिखवाया है। यही नाम उसके पैन कार्ड पर भी है। वहीं, माता का नाम शारदा अंबा लिखा हुआ है। दूसरे पासपोर्ट में उसके पिता का नाम स्वामी दयानंद सरस्वती और माता का नाम शारदा अंबा लिखा है। पुलिस को चैतन्यानंद के पास 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले है। एक पर उसने खुद को यूएन का स्थायी राजदूत और दूसरे पर ब्रिक्स का विशेष दूत बताया है। चैतन्यानंद अपनी कारों पर भी यूएन चिह्न वाली 9 फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट इस्तेमाल कर रहा था।

### सिंदूरखेला का शंख ध्वनि के साथ शुभारंभ...



**कोलकाता।** नवरात्र की षष्ठी पर बंगभाषियों का पारंपरिक आयोजन सिंदूरखेला का शंख ध्वनि के साथ शुभारंभ करती महिलाएं।

### बांद्रा-अमृतसर एक्सप्रेस के डिब्बे दो बार अलग हुए

**मुंबई।** महाराष्ट्र और गुजरात में रविवार को एक घंटे के भीतर बांद्रा टर्मिनस से अमृतसर जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस के डिब्बों के अलग होने की दो घटनाएं सामने आईं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों ने कहा कि पहली घटना दोपहर 1:19 बजे वनगांव और दहानू स्टेशनों के बीच और दूसरी घटना दोपहर लगभग 2:10 बजे गुजरात के संजन स्टेशन पर हुई। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची और ना ही उन्हें असुविधा हुई है। उन्होंने कहा कि समग्र ट्रेन संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। शुरुआत में डिब्बों को फिर से जोड़ने के लिए ट्रेन को लगभग 25 मिनट तक रोका गया।

### मन की बात का 126वां एपिसोड : वोकल फार लोकल को खरीदारी का मंत्र बना लीजिए

# हमेशा के लिए ठान लीजिए, जो देश में हुआ है तैयार, वही खरीदेंगे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा- इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा- भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी। हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फार लोकल को को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे। जिसमें देश के किसी नागरिक की मेहनत है, उसी सामान का उपयोग करेंगे।



**दुनिया भर में देखने मिलता है छठ पर्व :** हमारे पर्व, त्योहार भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। छठ पूजा ऐसा एक पावन पर्व है जो दीवाली के बाद आता है। छठ ना सिर्फ देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाई जाती है, बल्कि दुनिया भर में इसकी छटा देखने को मिलती है। आज ये एक ग्लोबल फेस्टिवल बन रहा है। मुझे आपको ये बताते हुए बहुत खुशी है कि भारत सरकार भी छठ पूजा को लेकर एक बड़े प्रयास में जुटी है।

### पीएम संबोधन की मुख्य बातें

हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फार लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे। जिसमें देश के किसी नागरिक की मेहनत है, उसी सामान का उपयोग करेंगे।

### दो अक्टूबर को खादी जरूर खरीदें

2 अक्टूबर को गांधी जयंती है। गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनमें खादी सबसे प्रमुख थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद, खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी लेकिन बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। आग्रह करता हूँ कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। इस बार विजयादशमी एक और वजह से बहुत विशेष है। इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 साल हो रहे हैं। एक शताब्दी की ये यात्रा जितनी अद्भुत है, अभूतपूर्व है, उतनी ही प्रेरक है। आज से 100 साल पहले जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी, तब देश सदियों से गुलामी की जंजीरों में बंधा था।

### भगत सिंह- लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि

पीएम ने कहा- आज लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है जो मानवीय संवदेनाओं को झकझोरता है। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। हम उन्हें भी नमन करते हैं।

### *अमेरिकी टैरिफ का उठा रहा फायदा*

# कनाडा ने कहा- अमेरिका नहीं हमारे यहां आओ

एजेंसी ▸▸| कनाडा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1B वीजा शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) करने के बाद वीजा धारकों में मचे हड़कंप के बीच कनाडा ने प्रतिभाओं को आकर्षित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इससे भारतीयों पर भी खासा असर पड़ेगा क्योंकि अमेरिका में जारी कुल एय-1B वीजा में से 70-71 प्रतिशत भारतीयों को प्राप्त है। ऐसे में कनाडा सरकार के प्रयास करने पर वीजा धारक भारतीय अमेरिका से मुंह मोड सकते हैं। ब्रिटेन और जर्मनी जैसे अन्य देश भी वैश्विक तकनीकी क्षेत्र के उन कर्मचारियों के लिए खुद को अमेरिका के विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें अब अमेरिका में प्रवेश के लिए कड़े नियमों का सामना करना पड़ रहा है।

### पीएममार्क कार्नी ने दिया अहम बयान

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शनिवार को लंदन में कहा, यह स्पष्ट है कि यह उन लोगों को आकर्षित करने का अवसर है, जिन्हें पहले तथाकथित एच-1बी वीजा मिल चुका था। इनमें से कई कर्मचारी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हैं और काम के लिए स्थानांतरित होने को तैयार हैं।

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 1 60 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 92 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 85 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 1 10 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 30TH SEP ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 30TH SEP)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

## चिंतन

# रैली के आयोजकों को बनाया जाए जवाबदेह

अभिनेताओं की फिल्म का प्रमोशन हो, क्रिकेट फ्रेंचाइजी में जीत का जश्न हो, बाबाओं की कथा हो या फिर नेताओं की रैलियां। आखिर ऐसे आयोजनों में भारी भीड़ क्यों जुटती है और आम लोग क्यों असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। देश में हर साल भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने से सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। भीड़ की यह कैसी दीवानगी है जो एक-दूसरे को खींचकर ले जाती है। इन सबके बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग तक भारी संख्या में रैलियों में पहुंचे हैं। इस साल की बात करें तो भारत में मंदिरों, रेलवे स्टेशनों, महाकुंभ, रैलियों और सार्वजनिक आयोजनों में भीड़ के इकट्ठा होने के कारण कई लोगों की जान गई है। ऐसा नहीं है कि इस साल ही ऐसा हुआ हो। यह लगभग हर साल होता है। जहां भगदड़ की वजह से कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। भगदड़ में मौत की सबसे बड़ी वजह किसी स्थान पर क्षमता से अधिक लोगों का पहुंच जाना, फिर धक्का-मुक्की और दम घुटना शामिल है। ऐसा नहीं है कि दूसरे देशों में ऐसी घटनाएं नहीं होती हों, लेकिन अपने देश में रैलियों के प्रति लोगों में दीवानगी कुछ ज्यादा ही है। पिछले साल अल्लू अर्जुन अपनी नई फिल्म में व्यस्त होंगे पर उनकी पुष्पा-2 के शो में जो भगदड़ मची और जो लोग मारे गए थे, उनके परिजनों की चीखें उसी सिनेमाहॉल के आसपास गूंज रही हैं। इस साल 2025 में बेंगलुरु में विराट कोहली की टी-20 टीम के स्वागत में उमड़े लोगों में से कुछ फैंस को नहीं मालूम था कि वे अपने घर कंधे पर लौटेंगे। सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम हो या बाबा बागेश्वर का धाम-वहां से प्रवचन सुनकर कुछ लोग अपने घरों तक नहीं लौट पाए। वहीं, मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। ऐसे ही शनिवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता थलापति विजय की टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। जहां अचानक मची भगदड़ में 39 लोगों की जान चली गई। भगदड़ में कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए। कई का दम घुट गया। कई पैरों के नीचे कुचले गए। दौड़ती भीड़ अपने ही बगल में नीचे पड़े लोगों को रौंदती चली गई। इन कुचले और दम तोड़ते लोगों को बड़ी मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जा सका। क्योंकि, एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका। मरने वालों में 6 मासूम बच्चे हैं। 20 से ज्यादा महिलाएं। इन महिलाओं की मौत ऐसे वक्त में हुई, जब पूरा देश मां दुर्गा की शक्ति की उपासना में लगा हुआ है और रविवार को देश बिटिया दिवस भी मना रहा है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और प्रशासन ने जांच के आदेश देकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। भगदड़ में होने वाली मौतें परेशान तो करती ही हैं, साथ ही सवाल भी खड़े करती हैं कि आखिर अपने देश में भगदड़ में इतने लोगों की मौत क्यों हो जाती है? आखिर भगदड़ की वजह क्या है और क्यों प्रशासन ऐसे भगदड़ को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है? आखिर इसकी जवाबदेही किसकी है? रैलियों में भारी भीड़ से हुई मौतों को रोकने के लिए रैली के आयोजकों को भी जवाबदेह बनाना होगा। देखना होगा कि रैली स्थल पर पर्याप्त स्थान हो, हवा-पानी की व्यवस्था हो, सुरक्षा के कड़े इंतजाम हों और पहले से ही यह अनुमान भी हो, मसलन कितने लोग रैली में पहुंच सकते हैं। तभी भारी भीड़ वाले स्थलों पर भगदड़ जैसी स्थिति से निपटा जा सकता है।

# मिसाइल तकनीक में भारत की छलांग



**सुदर्शन चक्र**
निरंकार सिंह

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है।

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। बीजिंग स्थित एयरोस्पेस नॉलेज मैगजीन के एडिटर वांग यानान ने चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है। यानान ने यहां तक कहा कि मिसाइल और मैन-पोर्टेबल सिस्टम तो कई देशों के पास हैं, लेकिन लेजर हथियार का टेस्ट और उसे तैनात करने की क्षमता हर किसी के पास नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत लगातार अपने डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करने में जुटा है।

मिसाइल से लेकर ड्रोन, फाइटर जेट, एयर डिफेंस सिस्टम तक को मजबूत किया जा रहा है। डीआरडीओ लगातार ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है, जो पहले के मुकाबले काफी घातक हैं। नई तकनीक से बनीं ये मिसाइल्स सामान्य रडार और डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में भी सक्षम है। डीआरडीओ रुद्रम प्रोजेक्ट के तहत हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलप कर रहा है। इसकी रफ्तार 5 मैक यानी 6000 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा होगी। साथ ही इसकी रेंज 1000 से 1500 किलोमीटर तक होगी। इस तरह पाकिस्तान का ज्यादातर हिस्सा इस मिसाइल की जद में होगा। हाइपरसोनिक मिसाइल को रुद्रम-4 का नाम दिया गया है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मिसाइल दुश्मन को महज कुछ सेकंड की प्रतिक्रिया अवधि देती है, जिससे उसकी हिट-रेट लगभग सुनिश्चित हो जाती है। उड़ान परीक्षणों के दौरान, तीन अलग-अलग लक्ष्यों, जिनमें दो उच्च गति वाले फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन शामिल थे, को एक साथ उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। पिछले महीने उसने 20 अगस्त को अपनी सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि पांच का सफलतापूर्वक परीक्षण करके सबको चौंका दिया। इस मिसाइल को बंगाल की खाड़ी के तट से हवा में छोड़ा गया। यह हिंद महासागर में अपने लक्ष्य को सटीक निशाना लगाने में कामयाब रही। भारत की यह सबसे लंबे दूरी की मिसाइल है, जिसे भारत का ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। एमआईआर तकनीक वाली अग्नि 5 मिसाइल एक साथ कई सौ किलोमीटर में फैले तीन ठिकानों पर हमला किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अग्नि पांच के जरिए भारत चीन से मिल सकने वाली चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम है। आज मिसाइल के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व में अपनी धाकजमा रहा है। अग्नि पांच में ऐसे सेंसर लगे हैं, जिससे वह अपने लक्ष्य तक बिना किसी गलती के पहुंचने में कामयाब रहेगी। अग्नि मिसाइल भारत के पास साल 1990 से मौजूद है, लेकिन वक्त के साथ इसके नए



और ज्यादा आधुनिक रूप बनाए जाते रहे हैं। अग्नि- 5 परमाणु हथियार ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। अभी तक एमआईआर वी तकनीक से लैस मिसाइल केवल रूस,चीन, अमेरिका, फ्रांस और यूके के पास है। इस मिसाइल को जमीन या समंदर या पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। इसकी मारक क्षमता 5000 किलोमीटर तक है। इसी साल जुलाई में पांच मिसाइलों का परीक्षण किया था। भारत की स्वदेशी तकनीक से बनी इन मिसाइलों की क्षमता ब्रह्मोस मिसाइल से अधिक है। भारत ने मिसाइल तकनीक में बड़ी छलांग लगाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिसा के अब्दुल कलाम दवीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए हैं। डीआरडीओ के अनुसार दोनों मिसाइलें टारगेट को हिट करने में सफल रहीं। यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइल में खास तरह के नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं। इससे पहले 16-17 जुलाई को ओडिशा तट के पास से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी.2 और अग्नि.1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो उसकी सामरिक प्रतिरोधक क्षमता का प्रदर्शन है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण विशिष्ट सामरिक बल कमान द्वारा किया गया और सभी परिचालन एवं तकनीकी मानकों की पुष्टि की गई। यह उपलब्धि भारत द्वारा 16 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद आई है। इस मिसाइल को 4500 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर मार करने के लिए बनायागया है। डीआरडीओ ने देश की अब तक की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली का भी परीक्षण किया है। इसका नाम है ईटी-एलडीएचसीएम। इसकी सबसे खास बात है कि इसका इंजन स्क्रैमजेट हवा से ऑक्सीजन लेता है। इससे मिसाइल हल्की रहती है और बहुत तेज गति से उड़ सकती है।

पुराने इंजनों को अपने साथ ऑक्सीजन ले जाना पड़ता था। लेकिन स्क्रैमजेट इंजन हवा से ही ऑक्सीजन खींच लेता है। इसलिए मिसाइल का वजन कम हो जाता है और वह लंबे समय तक तेज रफ्तार से उड़ान भर सकती है। इसका परीक्षण नवंबर 2024 में किया गया था। अभी कुछ और परीक्षण होने हैं। यह मैक 8 की गति से उड़ान भर सकती है और 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों को भेद सकती है। डीआरडीओ के गोपनीय प्रोजेक्ट विष्णु के तहत विकसित, यह मिसाइल स्क्रैमजेट इंजन का उपयोग करती है। यह परमाणु या पारंपरिक आयुध ले जा सकती है। यह जमीन, समुद्र या हवा तीनों से मारकर सकती है। अबभारत स्वदेशी हाइपरसोनिक क्षमता वाले विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया है। इसे प्रोजेक्ट विष्णु के तहत बनाया गया था जो अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक हथियार विकसित करने के लिए एक गोपनीय कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह मिसाइल मैक 8 की गति से 1,500 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों को भेद सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल फिलहाल चीन और रूस के पास है। वहीं भारत की तरह अमेरिका भी इसे बनाने की प्रक्रियामें लगा हुआ है। कुछ और देश हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने का दावा करते हैं, लेकिन पुखता तौर पर ऐसा नहीं कहा जा सकता। ऐसे में भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश होगा, जिसके पास ये आधुनिक तकनीक होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

राज कुमार सिन्हा



# नदी तू निर्मल बहती रहना धन-धान्य से भरपूर रखना

भारत की संस्कृति में नदियां जीवनदायिनी है। अन्न-जल देने वाली इन नदियों को मां मानकर पूजा जाता है। नदियों के बिना मानव जाति के विकास की परिकल्पना असंभव थी। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षक होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जलस्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें सम्मान दिया। पूर्वजों ने कल-कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायनी नदियों को मां कहा है। परंपरागत समय में मानवजाति ने नदियों के इस आत्मीय सहयोग को पूरा मान-सम्मान दिया किन्तु आज लोभ और लाभ की मनोवृत्ति की वजह से नदियां संकट में है। भारत को नदियों का देश माना जाता है तथा यहाँ छोटी और बड़ी नदियों को मिलाकर लगभग 4000 से अधिक नदियां हैं। देश में 521 नदियों के पानी की निगरानी करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। इनमें अधिकांश छोटी नदियां हैं। शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा अनियोजित विकास के कारण पिछले कुछ दशकों से नदियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। कई सहायक नदियों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। नदियों के विनाश में बाजारवाद का बढ़ता प्रभाव भी एक प्रमुख कारक है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के चलते नदियों के स्रोत सूखने लगे हैं और नदियां सिकुड़ने लगी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून 2024 को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं। वहीं, बिहार में 18 और केरल में 18 नदियां प्रदूषित हैं। उत्तर प्रदेश में 17 और कर्नाटक में 17 नदियां जबकि राजस्थान में 14 और गुजरात में 13, मणिपुर में 13, पश्चिम बंगाल में 13 नदियां प्रदूषित हैं। नदी के पानी का औद्योगिक प्रदूषण भारत में एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है, जो पारिस्थितिकी तंत्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण खतरनाक अपशिष्ट नदियों को दूषित कर रहे हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। इससे मछलियां विलुप्त हो रही है। मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित जीव है तथा जलचर पर्यावरण को संतुलित रखने में इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस पानी में मछली नहीं हो तो निश्चित ही उस पानी की जल जैविक स्थिति सामान्य नहीं है।

वैज्ञानिकों द्वारा मछली को जीवन सूचक (बायोइंडीकेटर) माना गया है। कई दूषित नदियों में जैविक ऑक्सीजन की मांग (बीओडी) का स्तर निर्धारित सीमा से 10 गुना अधिक है। मत्स्याखेट की सुरक्षा के लिए नदियों को बहते रहना और प्रदूषणमुक्त रखना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। नदियों में प्रदूषण का असल खमियाजा तो कृषि क्षेत्र पर पड़ता है। प्रदूषित नदियों के जल से सिंचाई होती है और इससे प्रदूषण उस कृषि भूमि पर पहुंच जाती है जहां से सीधे खाद्यान्न आता है। अब एक तरफ तो पैदावार बढ़ाने के लिए किसान खतरनाक उर्वरक इस्तेमाल करते हैं और दूसरी तरफ प्रदूषित नदियों का जल उसे और अस्वास्थ्यकर बनाता है। नदी में अनियंत्रित रेत खनन से नदी के वनस्पतियों और जीवों पर बहुत बुरा असर पड़ता है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने भारत में नदियों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश दिए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य मुख्य रूप से नदी प्रदूषण रोकना, अवैध खनन नियंत्रित करना, अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करना और जलधाराओं को अविरल बनाए रखना है। भारत में नदियों की रक्षा के लिए प्रदूषण नियंत्रण, प्रवाह संरक्षण, तट प्रबंधन, जनभागीदारी और कानूनी उपाय आवश्यक हैं। सरकार ने नमामि गंगे जैसी योजनाएं शुरू की हैं, परंतु सफलता तभी मिलेगी जब स्थानीय समुदाय, सरकार, उद्योग और नागरिक मिलकर नदी को संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के रूप में संरक्षित करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
**दर्शन**

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।

# जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लद्दाख में शांति कायम करना केंद्र का दायित्व

लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग के संदर्भ में हुए प्रदर्शन के लिए गृह मंत्रालय ने सोनम वांगचुक को जिम्मेवार ठहराया है। यह कदम युक्तियुक्त है। जब लद्दाख जे एंड के का हिस्सा था, तो कितना परेशान और उपेक्षित रहा। अब एकदम वह केंद्र शासित क्षेत्र है और पूर्णतया कानून-व्यवस्था केंद्र के हाथ है। किसी देखादेखी या विदेशी हाथ का प्रश्न नहीं उठता। घाव देख मक्खियां तो आदतन जरूर आती हैं, पर उन्हें एकदम उड़ाकर घाव को नासूर बनने से बचाना केन्द्र का ही दायित्व है। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे कई केन्द्रशासित प्रदेश हैं, फिर इतनी बेचैनी लद्दाख को क्यों है। केन्द्र को हिंसक प्रदर्शनों पर रोक लगानी चाहिए और शीघ्र हल निकालना चाहिए। *– ब्रिजेश तिवारी, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर

# दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत : जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आएंगी। जयशंकर ने वैश्विक समीकरणों में बदलाव के बीच आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। जयशंकर ने कहा, "दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। हम नयी व्यापार व्यवस्थाएं, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे, जो कम समय में वैश्विक परिदृश्य को बहुत अलग बना देंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ संपर्क में है, तथा वह "व्यापार एवं साझेदारी को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि "ऐसे अशांत माहौल" में, खासतौर पर बड़े देशों के लिए, अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के वास्ते क्षमता निर्माण करना अहम है।

## ऑफ बीट

# क्या शनि के छल्ले 2025 तक 'गायब' हो जायेंगे ?



यदि आपके पास एक दूरबीन हो तो आसमान में वलय वाले ग्रह – शनि से भी ज्यादा शानदार कुछ दृश्य हैं। वर्तमान में, शनि शाम के आकाश में सूर्यास्त के तुरंत बाद अपने उच्चतम स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सौरमंडल के छठे ग्रह और उसके प्रसिद्ध छल्लों का अच्छा दृश्य देखने के लिए टेलीस्कोप या दूरबीन का उपयोग करने का यह आदर्श समय है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कई लेख जंगल की आग की तरह फैल गए हैं। उन लेखों का दावा है कि शनि के छल्ले तेजी से गायब हो रहे हैं – और 2025 तक गायब हो जाएंगे! तो कहानी क्या है? क्या अगले कुछ महीने, इससे पहले कि शनि शाम के आकाश में दृश्य से ओझल हो जाए, वास्तव में इसके शक्तिशाली छल्लों को देखने का हमारा आखिरी मौका हो सकता है? संक्षिप्त जवाब नहीं है। हालांकि यह सच है कि 2025 में छल्ले पृथ्वी से लगभग अदृश्य हो जाएंगे, यह न तो कोई आश्चर्य की बात है और न ही घबराने की बात है। इसके तुरंत बाद यह छल्ले 'फिर से प्रकट' होंगे। इसकी वजह पृथ्वी का झुकना बताया गया है। हमारी भूमध्य रेखा हमारी कक्षा के तल से लगभग 23 .5 डिग्री झुकी हुई है।

## ट्रेंड

### छठ महापर्व



तमिलनाडु से लेकर बिहार-झारखंड तक आज देशभर में खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में कुछ लोग कमाल के प्रोडक्ट तैयार कर रहे हैं। परंपरा और इनोवेशन के संगम से वोकल फॉर लोकल के अभियान को भी नई तेजी मिल रही है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वर सम्राज्ञी, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनके स्वरों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की दिव्यतम अभिव्यक्ति है। संस्कृति-कला जगत उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।
**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं



जो लोग ' आई लव मोहम्मद' कहकर अव्यवस्था, आगजनी और तोड़फोड़ का सहारा ले रहे हैं...उन्हें मालूम है कि यह शारदीय नवरात्रि है... 'चण्ड-मुण्ड' बनकर कार्य करोगे तो माँ भगवती कभी बर्दाश्त करने वाली नहीं हैं...
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### भाजपा का विश्वासघात




कांग्रेस लद्दाख में सरकार द्वारा स्थिति से निपटने में की गई दयनीयता और उसके बाद सोनम वांगचुक की कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। यह लद्दाख के लोगों के साथ भाजपा का विश्वासघात है।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# टॉम ऑल्टर ने लिया था सचिन का पहला इंटरव्यू

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में टॉम ऑल्टर का रुतबा बेहद अलग ही था। वह न केवल एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि खेल पत्रकार भी थे। उन्होंने क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया था। तब सचिन महज 15 साल के थे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू भी नहीं किया था। टॉम ऑल्टर की जिंदगी में खेल पत्रकारिता का भी अहम हिस्सा था। 1980 और 1990 के दशक में वे स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट के रूप में काम करते थे। इसी दौरान, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया।

## लाइफ Style

# यामी

## पहाड़ी लुक में आईं नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस यामी गौतम हमेशा से अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। पर्दे पर चाहे वह एक मजबूत किरदार निभा रही हों या फिर असल जिंदगी में अपने पहाड़ी अंदाज में नजर आ रही हों, यामी हर बार अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं।

यामी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जो काफी पसंद की जा रही है। इस तस्वीर में यामी गौतम एक बेहद खुशनुमा सुबह का आनंद लेती नजर आ रही हैं। वह एक खुले बरामदे में बैठी हैं, जहां से पहाड़ों का सुंदर नजारा देखा जा सकता है। उन्होंने लाइट ग्रीन कलर का स्लीवलेस टॉप पहन रखा है, जो उन पर काफी फब रहा है। बिना किसी मेकअप के उनका चेहरा एकदम नेचुरल लग रहा है और उनकी मुस्कान सीधे दिल को छू रही है। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है। तस्वीर में यामी के हाथ में एक चाय का कप भी नजर आ रहा है, जिसे देखकर साफ है कि वह इस पल को पूरी तरह एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने इस फोटो के साथ दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा, पहाड़ों में सुबह की धूप, हाथ में चाय और दिल में आभार... 'हक' टीजर को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद आपका।

बता दें कि हाल ही में फिल्म 'हक' का टीजर जारी किया गया था, जिसमें यामी गौतम एक सशक्त और जुझारू महिला शाह बानो के किरदार में दिखी, जो अपने हक के लिए अदालत की लड़ाई लड़ रही हैं। वहीं, इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई दिए।



## हॉलीवुड मसाला



# शेयर की बेटी की प्यारी तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** रिहाना और रैपर रॉकी ने अपनी नन्ही परी का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के साथ दो प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपनी बेटी को गुलाबी कंबल में लिपटाए प्यार से गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में दो छोटे बॉक्सिंग ग्लव्स दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एक गुलाबी रिबन भी लगा हुआ है। बता दें कि रिहाना और रॉकी की पहली मुलाकात 2012 में एमटीवी म्यूजिक वीडियो अवार्ड्स के रिहर्सल के दौरान हुई थी।



# सेलेना बनीं बेनी ब्लैंको की दुल्हन

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी मानी सिंगर सेलेना गोमेज ने 33 साल की उम्र में अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ शादी कर ली है। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सेलेना गोमेज ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को ये गुड न्यूज दी है। वहीं सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही सेलेना की शादी की फोटोज वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में सेलेना और बेनी एक दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अब इंडस्ट्री के फ्रेंड्स से लेकर फैंस तक सेलेना और बेनी ब्लैंको को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। सेलेना और बेनी ब्लैंको ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज के अनुसार शादी के बंधन में बंधे हैं। दुल्हन बनी सेलेना व्हाइट वेडिंग गाउन में बहुत ही खूबसूरत और लाजवाब दिख रही हैं।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं रुक्मिणी

**मुंबई।** अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत की आने वाली फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' का ट्रेलर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था। वह इस फिल्म में राजकुमारी कनकवती के किरदार में दिखाई देंगी। अभिनेत्री रुक्मिणी ने बताया कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं। उन्होंने करण जौहर या दूसरे किसी बड़े बॉलीवुड फिल्म निर्माता के साथ काम करने की भी हसरत जाहिर की है। जब रुक्मिणी से पूछा गया कि क्या वह बॉलीवुड में अवसर तलाशना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए रुक्मिणी ने कहा, "बिल्कुल, धर्मा प्रोडक्शंस उस क्लासिक सिनेमा का प्रतीक रहा है, जिसे हम सभी पसंद करते हैं। अगर मुझे मौका मिला, तो मैं उनके साथ काम करना जरूर चाहूंगी। भविष्य में क्या होगा, यह तो मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मुझे वहां काम करने का अवसर मिलेगा।



# तीसरे दिन ओजी की धाकड़ कमाई

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' ने आते ही तहलका मचा दिया है। फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों के अंदर बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। इस साल 2025 में रिलीज हुई फिल्मों में बहुत कम बार देखने को मिला है, जब किसी फिल्म ने दूसरे या तीसरे दिन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। पवन कल्याण और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने प्री-रिलीज में 21 करोड़ रुपए कमाए थे। रिलीज के पहले दिन इसने 63.75 करोड़ रुपए से बंपर ओपनिंग ली। शनिवार को फिल्म ने 18.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया था और रविवार को फिल्म ने 13.87 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।

## टीवी मसाला

# जेंडर नहीं, कला मायने रखती है: आसिफ शेख

**मुंबई।** पॉपुलर टीवी कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' से विभूति नारायण मिश्रा के नाम से घर- घर में पहचाने बनाने वाले आसिफ शेख इंडियन टेलीविजन शो के वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं। इस शो ने उनकी पॉपुलैरिटी को एक नया मुकाम दिया है। अब तक वह शो में करीब 350 अलग-अलग किरदार निभा चुके हैं, जिनमें से 35 फीमेल किरदार हैं, जिनकी उम्र 21 से 80 साल के बीच है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की वह खुद को इन किरदारों के लिए कैसे तैयार करते हैं। आशिफ शेख ने बताया कि हर किरदार के लिए उन्हें बहुत तैयारी करनी पड़ती है और उनके लिए किरदार निभाने में जेंडर कभी मायने नहीं रखता। आशिफ ने बताया कि जब शो शुरू हुआ था तब मेकर्स ने उनके रोल को लेकर काफी सोच- विचार किया था। बाद में धीरे धीरे उन्होंने आसिफ के किरदार के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंट किए और उन्हें दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस भी मिलने लगे। आसिफ का कहना है कि वह अपने डायरेक्टर्स और राइटर्स का शुक्रगुजार हैं क्योंकि उन्होंने आसिफ पर भरोसा किया। आगे वह कहते हैं कि वह अब तक शो में 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। उनके लिए एक किरदार सिर्फ किरदार है, उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि रोल किसी लड़के का है या किसी लड़की का।



# मां दुर्गा पूजा में इमोशनल हुईं रानी और तनीषा काजोल ने निभाया बड़ी बहन का फर्ज

**मुंबई।** पूरे देश में इस वक्त शारदीय नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और रानी मुखर्जी ने हर साल की तरह इस साल भी मुंबई में मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगवाया। इस दौरान काजोल और रानी फुल ट्रेडिशनल अवतार में सजी-धजी नजर आईं। लेकिन इस साल की दुर्गा पूजा मुखर्जी परिवार के लिए काफी इमोशनल रही। ऐसा इसलिए है क्योंकि काजोल के प्यारे काका और अयान मुखर्जी के पिता देव मुखर्जी अब इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे में पूजा के दौरान काजोल, रानी, तनीषा और अयान मुखर्जी के आंसू रुक नहीं रहे थे। दूर्गा पूजा के दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें काजोल, रानी, शर्बानी और तनीषा मुखर्जी अपने चाचा और ताऊ देव मुखर्जी और रानू मुखर्जी को याद कर इमोशनल होती हुई दिखाई दी। तीनों को देखकर उनके कजिन और फिल्ममेकर आयान मुखर्जी भी इमोशनल होते हुए नजर आए और पिता देव मुखर्जी की याद में उनके भी आंसू छलक आए।



## फिल्म 'द राजा साहब' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साहब' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। इसमें प्रभास के साथ संजय दत्त भी हैं। इस पोस्टर में संजय दत्त का लुक काफी अलग है। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 'द राजा साहब' का ट्रेलर 29 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर सोमवार शाम 6 बजे रिवील किया जाएगा। ये खबर सुनते ही फैन्स खुश हो गए हैं और प्रभास की पोस्ट पर कमेंट्स कर रहे हैं। डायरेक्टर मारुती की ये फिल्म पहले इसी साल 5 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन मेकर्स अब इसे 2026 में रिलीज करने के मूड में हैं। उनका कहना है कि मूवी के पोस्ट प्रोडक्शन का काफी काम बचा है, इसकी वजह से रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है। राजा साब तेलुगु रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसे पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।



# डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं मौनी

**मुंबई।** टीवी सीरियलों के साथ बॉलीवुड फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रही मौनी रॉय को लेकर उनकी उम्र में कोई भी अंदाजा नहीं लग सकता है। उन्होंने खुद को इस तरह मेंनेट करके रखा है कि वे 40 में भी 20 साल की ही नजर आती हैं। वैसे, अपनी खूबसूरती और स्मिल फिगर को बनाएं रखने के लिए वे कई नुस्खे आजमाती हैं। खुद को फिट रखने के लिए वे काफी मेहनत भी करती हैं। मौनी रॉय खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके से वर्कआउट करती हैं। वे जिम में कम समय बीताती है और डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं। वे अपनी डाइट पर सबसे ज्यादा ध्यान देती हैं। वैसे, उन्हें जंक फूड खाना पसंद है, लेकिन हेल्थ के लिए वे खुद पर कंट्रोल रखती हैं और ऐसे खाने से दूर रहती है। मौनी फिट रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट डांस करती हैं। इसके साथ वे खुद को फिजिकली और मेंटली फिट रखने के लिए योगा करती हैं। वे जिम में ज्यादा वर्कआउट नहीं करती, लेकिन वेट ट्रेनिंग जरूर लेती हैं। मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने के लिए वे स्ट्रेचिंग पर भी खास ध्यान देती हैं। मौनी टीवी की हाईएस्ट पेड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत 2006 में सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी।



## आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन गाने अब भी लोगों की जुबान पर

# रंग दे बसंती' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान 8-10 घंटे तक खड़ी रही थीं स्वर कोकिला

*मुंबई। दिवंगत महान गायिका लता मंगेशकर बॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक रही हैं। उन्होंने अपनी आवाज के जरिए लाखों लोगों के दिल पर राज किया। आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन उनके गाने अब भी लोगों की जुबान पर है। आज 28 सितंबर को उनकी 96वीं बर्थ एनिवर्सरी है। ऐसे में चलिए हम आपको उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा एक किस्सा बताते हैं, जिसे फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने शेयर किया था। दरअसल, यह किस्सा फिल्म 'रंग दे बसंती' से जुड़ा है, जो साल 2006 में रिलीज हुई थी और यह बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक रही है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके गानों को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। मूवी में 'लुका छुपी' नाम का एक इमोशनल सॉन्ग भी था, जिसे स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। फिल्ममेकर ने इसी गाने से जुड़ा किस्सा शेयर किया था। चलिए बताते हैं कि आखिर वह क्या है।*

### रिकॉर्डिंग से पहले करती थीं गाने की रिहर्सल

राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया था, "लता जी ने गाने की रिहर्सल की, यही उनकी महानता है। उन्होंने मुझे फोन किया और पूछा कि क्या वे गाना रिकॉर्ड करने के लिए चेन्नई जा सकती हैं। फिर मैंने उन्हें बताया कि रहमान उनके साथ इसे रिकॉर्ड करने के लिए मुंबई आएंगे, लेकिन गायिका ने चेन्नई जाने पर जोर दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं उनके साथ जाऊं तो अच्छा रहेगा।



### बहुत विनम्र थी

मेहरा ने आगे बताया, वह बहुत विनम्र थीं। तीन दिन पहले वहां गईं और एयरपोर्ट से सीधे स्टूडियो चली गईं। इसके बाद एआर रहमान ने उनका स्वागत किया और गायिका ने रचना सुनी। लता मंगेशकर ने कहा कि उन्हें गाना कैसेट में दिया जाए, ताकि वे उसका रिहर्सल कर सकें। फिर जब वह चौथे दिन रिकॉर्डिंग के लिए आईं, तो उन्होंने गाना गाते समय खड़े रहने पर जोर दिया। उन्होंने रहमान के साथ गाना, जैमिंग शुरू कर दी और फिर 8-10 घंटे तक बैठने से इनकार कर दिया और गाना पूरा होने तक खड़ी रहीं।"

## अमेरिका को खटक रही दोनों देशों की पुरानी 'यारी'

# रूस ने दिखाया अमेरिका को आईना: यूएनजीए में दिखी भारत और रूस की दोस्ती की झलक

*चाहे कुछ भी दोनों देशों की दोस्ती पक्की है, संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने बिना अमेरिका का नाम लिए उसके दोहरे मापदंड की आलोचना की और इस दौरान रूस ने भारत का समर्थन किया*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

रूस और भारत की दोस्ती अमेरिका को खूब खटक रही है। यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका भारत के ऊपर मनमाना टैरिफ लगा रहा है। हालांकि, रूस और भारत ने एक बात साफ कर दिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, रूस और भारत की दोस्ती अडिग है। उइसका ताजा उदाहरण संयुक्त राष्ट्र महासभा ( यूएनजीए) में देखने को मिला, जब न केवल भारत ने बिना नाम लिए अमेरिका के दोहरे मापदंड के लिए उसे घेरा, बल्कि रूस ने भी भारत का समर्थन किया।

दरअसल, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस के रिश्ते और तेल व्यापार को लेकर कहा कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए जो विदेश नीति अपना रहे हैं, हम उसका पूरा सम्मान करते हैं। हमारे बीच बड़े स्तर पर नियमित संपर्क बना रहता है। लावरोव ने कहा इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा।

**दोनों देशों के विदेश मंत्री एक-दूसरे के देश की करेंगे यात्रा**

**रूस ने भारत को बताया स्वाभिमान वाला देश**



### अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत

अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया, बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा। लावरोव ने कहा, मैं तो भारतीय सहयोगियों से यह सवाल नहीं करता, क्योंकि वह फैसले खुद लेने में पूरी तरह से सक्षम हैं। वहीं भारत ने भी इस बात को साफ कर दिया है कि अपने विकास और फायदे के लिए किसी दूसरे देश की शर्तों पर नहीं चलेगा। अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया। बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा।


### यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका को घेरा

यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका के दोहरे मापदंडों को लेकर घेरा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर



ने कहा कि अब हम टैरिफ में अस्थिरता और बाजार में अनिश्चितता देख रहे हैं। उन्होंने यूएनजीए में अमेरिका का नाम लिए बिना उसके "दोहरे मानदंडों" का भी जिक्र किया।जिसमें एस जयशंकर ने रूसी तेल खरीदने पर भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाना, जबकि अन्य देशों पर नहीं लगाने की ओर इशारा किया।

### दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे पुतिन



*संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस संबंधों को मजबूती प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना बनाई जा रही है। लावरोव ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत की स्वतंत्र नीतियों की सराहना की और द्विपक्षीय एजेंडे को व्यापक बताया, जिसमें व्यापार, सैन्य सहयोग, एआई और ब्रिक्स जैसे मंचों पर समन्वय शामिल है। रूसी विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना दिसंबर में बनाई जा रही है। ये यात्रा दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन की अगली कड़ी हो सकती है। यह उच्च स्तरीय दौरा दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देगा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। ये यात्रा यूक्रेन संकट के बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी जो दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को नई गति देगी।*

### लावरोव ने कहा- भारत और रूस के सबंध काफी पुराने

लावरोव ने कहा, भारत और अमेरिका या भारत और अन्य किसी देश के बीच जो स्थिति उत्पन्न होती हैं, मैं उन्हें रूस और भारत के रिश्तों का मानदंड नहीं मानता हूं। हमारे बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, फिर एक समय आया जब हमारे भारतीय मित्रों ने इस शब्द को पूरक बनाने का प्रस्ताव रखा और अब हम इसे विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी कहते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा। हमारे बीच नियमित रूप से विचारों का आदान-प्रदान होता है। मैं यह भी नहीं पूछ रहा कि हमारे व्यापारिक संबंधों या तेल का क्या होगा?

## लगातार माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे आतंकी

# घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मौके पर ही किया ढेर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव एलओसी के बहुत करीब पड़े देखे गए।

सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पिछले 8 दिनों में सेना और आतंकवादियों के बीच यह



दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हुई थी।

### घुसपैठ की ताक पर बैठे हैं आतंकी

वहीं बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्च पैड्स पर कश्मीर घाटी में घुसपैठ करने की ताक में बैठे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार हैं। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के आईजी अशोक यादव ने पत्रकारों से कहा कि सर्दियों के शुरू होने से पहले घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं।

## इजराइल हटेगा, हमास को छोड़ने होंगे हथियार

**यूएस ने गाजा में शांति के लिए खींचा खाका**

**वॉशिंगटन।** गाजा में चल रहे युद्ध को खत्म करने और भविष्य में फलस्तीनी राज्य का रास्ता बनाने के लिए अमेरिका ने 21 सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के तहत इजराइल को गाजा से अपनी सेना हटानी होगी और हमास को पूरी तरह से निरस्त्र होना पड़ेगा। इसके साथ ही सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के पुनर्निर्माण और वहां के निवासियों को विस्थापित न करने जैसी अहम बातें शामिल हैं। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद येरुशलम से एक मील दूर फलस्तीनी राज्य बनाना वैसा ही है जैसे 9/11 के बाद न्यूयॉर्क से एक मील दूर अल-कायदा का राज्य बना देना। यह पूरी तरह पागलपन है, और हम इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## सीएम के निर्देश पर रीवा कमिश्नर ने किया सस्पेंड

# मऊगंज में एक किसान का कॉलर पकड़ने पर तहसीलदार 'नप' गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मऊगंज में किसान की कॉलर पकड़ने वाले तहसीलदार बीके पटेल को रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने सस्पेंड कर दिया है। मामले के संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

घटना 25 सितंबर को उप तहसील देवतालाब के गनिगमा गांव की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया था। कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि तहसीलदार बीके पटेल ने जवाब दिया है कि वहां लोगों ने लोहे का सब्बल निकालकर धमकाया। मारपीट की नीयत से दौड़े। ऐसी



स्थिति में पटेल ने बचाव के लिए किसानों के खिलाफ कार्रवाई की ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकी जा सके। कलेक्टर ने बताया कि मामले की जांच अतिरिक्त जिलाधिकारी यानी एडीएम को सौंपी गई है। एडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे रिपोर्ट पेश करें।

## चोरों की हो रही थी धर-पकड़

# नूंह में पुलिस टीम पर ही अवैध राइफल्स से अंधाधुंध फायरिंग

» पुलिस ने 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में पुलिस टीम पर आरोपियों की समर्थक भीड़ द्वारा हमले की खबर है। पुलिस टीम यहां चोरों को पकड़ने गई थी लेकिन पुलिस टीम पर ही अवैध हथियारों से हमला कर दिया गया। इसके चलते कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि बाद में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की और मामले पर काबू पाया। पुलिस टीम पर पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके चलते पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों और उनके समर्थकों ने पहले पत्थरबाजी की और फिर अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उन पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी ने लोगों को उकसाया था।

### गाड़ी चोरी से जुड़ा है मामला

दरअसल ये माममला पंजाब से चोरी हुई गाड़ियों और साइबर फ्रॉड का है, जिसके तहत शनिवार को पुन्हाना और तावडू क्राइम ब्रांच की टीमें इंदाना गांव में कार चोरी के आरोपियों को दबोचने गई थी। आरोप यह है कि पुलिस पर फायरिंग के बाद आरोपी आजाद मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पिस्टल वहीं गिर गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

### आरोपी ने भीड़ को उकसाया और फिर पत्थरबाजी शुरू

आरोप यह भी है कि आजाद ने शोर मचाकर ग्रामीण लोगों को उकसाया। इसके बाद जमा हुई भारी भीड़ ने वालों को उकसाया। देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं और पुरुष इकट्ठा हो गए और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

### » पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान फायरिंग भी हुई, जिसके बाद पुन्हाना, बिछौर, पिनगवां व अन्य थानों से भारी फोर्स पहुंची और इस मामले में 3 महिलाओं समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिछौर थाना प्रभारी जसवीर ने बताया कि पुलिस पूरी घटना पर एक्शन ले रही है और केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हवाई अड्डे पर सिंगल सीटर प्लेन रनवे से फिसला, ट्रेनर पायलट सुरक्षित

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली एयरपोर्ट पर रविवार दोपहर लैंडिंग के दौरान एक सिंगल सीटर ट्रेनर विमान रनवे से फिसल गया, हालांकि ट्रेनर पायलट को कोई चोट नहीं आई। अमरेली के कलेक्टर विकल्प भारद्वाज ने बताया कि यह छोटा विमान हवाई अड्डे से संचालित होने वाली एक निजी विमानन अकेडमी का था। भारद्वाज ने कहा- लैंड करने के तुरंत बाद प्लेन रनवे से फिसल गया।

## इंदौर में रावजी बाजार इलाके में फिर हादसा

# लोहा मंडी ब्रिज पर ट्रक का ब्रेक फेल, 4 गाड़ियों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

रावजी बाजार क्षेत्र में शनिवार रात ड्रम से भरे ट्रक के ब्रेक फेल हो गए और वहां खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। गरबा खेलने जा रही दो युवतियां भी ट्रक की चपेट में आ गईं। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि ट्रक भारी वाहन नहीं है। पुलिस ने नो एंट्री से भी इनकार कर दिया है। घटना रात लोहा मंडी ब्रिज की है।



ट्रक लोहा मंडी से चंदन नगर की तरफ जा रहा था। ब्रिज पर ट्रक के ब्रेक फेल हो गए और कार, लोडिंग वाहन और स्कूटर की चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से स्कूटर सवार शर्मिला निवासी भीमा नगर और मोनिका सोलंकी निवासी मालवीय नगर घायल हो गईं। दोनों लालबाग स्थित गरबा खेलने जा रही थीं। एडिशनल डीसीपी जोन-4 दीशेष अग्रवाल के अनुसार चालक ने पहले गियर बदलकर ट्रक रोकने का प्रयास किया था। आखिर में वह बचाते हुए लोडिंग वाहन से टकरा गया। चालक ने बताया वह 12 से तीन के बीच में लोहामंडी में आ गया था। दिनभर ट्रक खड़ा हुआ था। रात को वह चंदननगर में ड्रम खाली करने जा रहा था। डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी के अनुसार ट्रक का रजिस्ट्रेशन हल्का व्यवसायिक वाहन की श्रेणी में है। पुलिस इस घटना में वाहन स्वामी को भी आरोपित बनाएगी।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**एजूकेशन स्पेशल**

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

**Appointment आवश्यकता**

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में ड्राइवर की भी आवश्यकता है **संपर्क - जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 7469980000, 0771-4075490.** (RO-6720)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आस पास घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन -15000, 11 घंटे ड्यूटी,सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक **सम्पर्क करे मोबाईल नं.- 97541 60228.** (RO-7229)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है,, भिलाई वाले ही संपर्क करें लाइसेंस अनिवार्य। **9827466771.** (RO-675)

**पोल्ट्री फार्म कार्य**

**आवश्यकता है-** रायपुर आरंग के पास लिंगाड़ीह में पोल्ट्री फार्म में रहकर काम करने वाले मजदूर परिवार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता,आकर्षक वेतन इच्छुक मजदूर परिवार **संपर्क करें 9340529604, 6263644407.** (RO-6724)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर** (RO-6725)

**आवश्यकता है-** लड़को की वेतन 10000/-लड़कियो की 7000/- होलसेल बैंग दुकान में **हरिओम प्लास्टिक कपड़ा मार्केट पंडरी गेट नं. 8 के सामने 7440784646.** (RO-507)

**घरेलु/टेलीकॉलिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** घर का घरेलू कार्य बाई 1 एवं टेली कालिंग कार्य हेतु 2 फीमेल एवं घर बैठे मार्केटिंग हेतु मेल-फीमेल चाहिए पार्ट टाइम/फुल टाइम रहना खाना सुविधा अच्छे रिश्ता हेतु कास्ट नो बार कन्याए बायोडाटा भेजिए मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो **भारत माता चौक गुढ़ियारी रायपुर** Shalu- **7828738812** Call Me- **9039321951.** (RO-299)

**संपादक/एडिटर/एकर**

**आवश्यकता है-** Eye69News यू-ट्यूब चैनल में कर्मचारियों की आवश्यकता। संपादक, एडिटर, कैमरामैन, एंकर, रिपोर्टर के पद खाली! वेतनः योग्यता के अनुसार संपर्क करें: 9893203682, 9098578967.ईमेल:69eyenews@gmail.com **पता: कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई, 490026 (दुर्ग)** (RO-4103)

**आफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 9826190059 समय - 12 से 5 तक (आरो नं.-674)

**ड्रायवर/पैकिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** 400/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 500/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। **सम्पर्क :- तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर** (RO-84)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो **संपर्क करें:- 8335914373.** (RO-1173)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- **7054311719.** (RO-1169)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, **संपर्क:- 9311830460.** (RO-292)

**Property प्रापर्टी**

**फ्लैट**

**फ्लैट-** 3 BHK फ्लैट बेचना है. नया पेंटिंग, मॉडुलर किचन, 2 बिग बालकनी, गार्डन एंड मंदिर, पार्किंग की सुविधा, **शिव वाटिका परिसर, अश्विनी नगर, रायपुर 9691842361.** (RO-6726)

**मकान**

**मकान बेचना है-** आदर्श नगर दुर्ग, प्राइम लोकेशन में 4000 स्क्वेयर फीट प्लॉट एरिया में निर्मित 3BHK मकान बेचना है। दलाल सम्पर्क न करें। **मो.- 93032 93456.** (आरो नं.-SPD/925)

**प्लाट**

**प्लॉट बेचना है -** प्लॉट साइज 21x36 =756 स्क्वायर फीट फ्रंट 21 फीट, लेंथ= 36 फीट, कर्मा धाम मंदिर के पीछे **हनुमान नगर, कृष्णा नगर, वार्ड नंबर 55 संतोषी नगर रायपुर छत्तीसगढ़. हितेन्द्र कुमार साहू सर- 9516851107.** (RO-6718)

**For Rent किराया**

**किराये से देना है-** दक्षिण गंगोत्री 15x23 प्रथम तल G+2 कार्नर की दुकान OR 30x23 G+2 पानी बाथरूम कीचन सर्व सुविधा के साथ व्यवसायिक दुकान उपलब्ध है | **मो.-72259-05009, 91313-82266** (आरो नं.-4102)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के जांच और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हमारा आशियाना**







**Healthcare**

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### भारत के सख्त ....

परंपरा है कि टॉस के समय मैदान पर मौजूद कमेंटेटर बात करता है। हालांकि पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से टॉस के समय अन्य कमेंटेटर ने बात की। 14 सतिंबर को लीग मैच, 21 सतिंबर को सुपर-4 मैच के दौरान यह नजारा देखने को मिला था। फाइनल में टॉस सूर्यकुमार यादव ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.पाकिस्तानी टीम पहले बल्लेबाजी को मौका मलिा है। वहीं एशयिा कप 2025 के फाइनल में भी टॉस के समय एक बार फरि वही हुआ, जिसकी उम्मीद थी। टॉस हुआ लेकिन सूर्या ने आगा को इग्नोर कर दिया. शुरुआती दो मैच में भी सूर्या ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया था। वैसे भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही है। वहीं पाकिस्तान ने उतार-चढ़ाव के बावजूद खिताबी दौड़ में कदम रखा। एशिया कप के पिछले मैच के बाद से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों के रवैये पर चर्चा तेज है। सोशल मीडिया पर 'नो हैंडशेक' फरि से ट्रेंड करता रहा।

### भगदड़ में मरने ....

हुए थे। अभिनेता विजय ने कहा कि वह अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने करूर में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन चेन्नई से करूर पहुंचे और विजय की रैली में भगदड़ के दौरान घायल हुए लोगों का हालचाल जानने अस्पताल गए। स्टालिन ने चिकित्सकों से घायलों का हालचाल जाना, घायलों को ढाढ़स बंधाया और उन्हें बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रविवार को बताया कि भगदड़ में मरने वालों की संख्या 39 से बढ़कर 40 हो गई है।

टीवीके ने मदुरै स्थित मद्रास उच्च न्यायालय की खंडपीठ में करूर भगदड़ घटना की स्वतंत्र जांच की मांग की। घटना में किसी साजिश का आरोप लगाने से बचते हुए टीवीके के उप महासचिव निर्मल कुमार ने मीडिया को बताया कि पार्टी ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च न्यायालय की खंडपीठ से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा, न्यायाधीश कल अपराह्न दो बजकर 15 मिनट पर मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गए हैं। इसके बाद हम अपना बयान आधिकारिक रूप से जारी करेंगे। इससे पहले अस्पताल में भर्ती लोगों से मिलने के बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य सचिव सेंथिल कुमार ने संवाददाताओं से कहा था, इस हादसे में अब तक 40 लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें 18 महिलाएं, 13 पुरुष, चार लड़के और पांच लड़कियां शामिल हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगदड़ में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जी वेंकटरमन ने कहा कि विजय शाम 7.40 बजे पहुंचे थे।

तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरुणा जगदीशन के नेतृत्व वाला आयोग भगदड़ की घटना की जांच के लिए आज दिन में करूर पहुंचेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स्टालिन, समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करेंगे। अपनी विदेश यात्रा बीच में छोड़कर आए उदयनिधि ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और यहां एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री मा. सुब्रमण्यम समेत कैबिनेट के अन्य सहयोगी भी मौजूद थे। विजय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, प्रत्येक मृतक के परिजन को 20 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को दो लाख रुपये दिए जाएंगे।

### मन्हास बीसीसीआई के ....

के रूप में उनके कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को एक वनडे और टी-20 मैच का मौका रायपुर को मिला है, जो दिसंबर और जनवरी में खेला जाएगा।

### छत्तीसगढ़ से पहले ....

की प्रक्रिया उनके निर्देशन में होती है। क्रिकेट प्रेमियों को विश्वास है कि उनकी अगवाई में शीघ्र ही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बना पाएंगे।

### आस्था से सजा ....

दिन मंच से माता के जयकारे से लोगों का रास गरबा में स्वागत किया। रंगीन लाइट व म्यूजिक सिस्टम के साथ पारंपरिक गीतों पर रास गरबा में चौकड़ी-छकड़ी भरने का दौर जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था, वैसे-वैसे लोगों का ग्रुप भी कदमताल मिलाते हुए, माता को रिझाने का जतन करते हुए और मंडप में थिरकते माता की भक्ति में तल्लीन था। जैसे-जैसे गीतों का क्रम बदल रहा था, लोगों को कनेक्ट करने का दायित्व गुंजन चौहान एवं उनकी टीम निभा रही थी। दूर-दूर से पहुंचे लोगों को भक्ति का माहौल देने पुख्ता तैयारी की गई।

### क्रिकेटरों, अभिनेता-अभिनेत्रियों की ....

इसे पीएमएलए के तहत संबंधित प्राधिकरण को पुष्टि के लिए भेजा जाएगा और मंजूरी मिलने पर इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए अदालत में आरोप-पत्र दायर किया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ के साथ ....

गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि यह विचारधारा दशकों तक हिंसा और अशांति का कारण रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में 'नक्सल मुक्त भारत' समापन समारोह को संबोधित करते हुए दावा किया कि 31 मार्च 2026 तक देश से हथियारी नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने नक्सलवाद के वैचारिक, कानूनी और वित्तीय पोषण पर सवाल उठाते हुए समाज से इसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

अमित शाह ने कहा, नक्सलवाद क्यों पनपा, क्यों बढ़ा, इसका वैचारिक पोषण किसने किया? जब तक समाज इसके समर्थकों को नहीं समझता, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पूरी नहीं होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि नक्सलवाद के विचार को खत्म करने के लिए समाज को जागरूक होना होगा। गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि यह विचारधारा दशकों तक हिंसा और अशांति का कारण रही।

## जींद में पुलिस की छापामारी, 16 किलो अवैध बम और पटाखे किए बरामद

**बाड़ में छिपा कर रखे होने की मिली थी सूचना**

### पुलिस की भनक लगते ही आरोपी दीपक फरार

एजेंसी ▶▶ जींद

रधाना गांव में छापामारी कर पुलिस ने 116 किलो अवैध बम और पटाखे बरामद किए हैं। एवीटी स्टाफ इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह ने त्योहारों के सीजन में अवैध बम, पटाखे व ज्वलनशील पदार्थों की धरपकड़ को लेकर निर्देश दिए हुए हैं। प्रधान सिपाही जितेंद्र के नेतृत्व में रधाना अड्डे पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि रधाना गांव का दीपक दशहरा व दीवाली के त्योहार पर अवैध रूप से बम और पटाखे लाकर मोटा मुनाफा कमाने के लिए अपने चाचा राजेश के बाड़ में छिपा कर रखे हुए है। जिस पर टीम ने राजेश के बाड़े पर दबिश दी, तो पुलिस को देख कर दीपक फरार हो गया।

**पेटियों में क्रैकर बम, पटाखे भी मिले**



बाड़े की तलाशी लेने पर वहां काफी पेटियों में क्रैकर बम, पटाखे बरामद हुए। जिनका वजन करने पर 116.100 किलोग्राम हुआ। बरामद बम व पटाखों के बारे में पूछताछ पर दीपक व उसका कोई स्वजन परमिट, लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जिस पर सदर थाना पुलिस ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार दीपक की तलाश कर रही है।


**यहां पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित**

जिले में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध है। दिवाली के मौके पर पटाखों की आतिशबाजी व पराली के धुएं से प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते प्रशासन पटाखों की बिक्री और फसल अवशेष जलाने वालों पर सख्ती बरत रहा है।

## हिंदू जागरण वेदिके नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के हिंदू जागरण वेदिके नेता समित राज के खिलाफ यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है। एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है समित राज ने उसकी निजी तस्वीरें हासिल कर लीं और उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसका यौन उत्पीड़न और मारपीट की। इस मामले में शनिवार को दक्षिण कन्नड़ जिले के बाजपे पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, महिला ने आरोप लगाया कि राज पिछले 15 दिनों से उसे परेशान कर रहा था। उसे डराने के लिए तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा था और विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था।


## राशिफल


**मेष**
धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष**
वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन**
शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क**
आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह**
सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।



**कन्या**
किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला**
मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक**
शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु**
आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर**
व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ**
मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन**
परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## बाढ़ प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाएगा : शिंदे

एजेंसी ▶▶ ठाणे



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा कि मराठवाड़ा में बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए राज्य सरकार राहत प्रयास शुरू कर चुकी है और जल्द ही उन्हें मुआवजा वितरित किया जाएगा। नवी मुंबई में शनिवार को शिवसेना कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि किसानों की दशा पर बात करना सरकार की जिम्मेदारी है और वह उन्हें अकेले ही मुश्किलों का सामना नहीं करने देगी। पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश होने के कारण मराठवाड़ा के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं, गांवों का संपर्क टूट गया और निचले इलाके में सड़कों पर जलभराव हो गया है। पारंपरिक रूप से सूखाग्रस्त क्षेत्र में लाखों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गई।

### सरकार हमेशा ही किसानों के साथ

उन्होंने कहा, "किसानों की दशा ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। सरकार उन्हें मुश्किल हालात में अकेले नहीं छोड़ेगी। राहत कार्य शुरू कर दिये गए हैं और जल्द से जल्द मुआवजा वितरित किया जाएगा।" रैली में, कांग्रेस के युवा नेता अंकुश कदम और उनके सैकड़ों समर्थकों को शिवसेना में शामिल किया गया।

# हैदराबाद में कॉलोनियां डूबीं 1000 लोगों का रेस्क्यू

**लौटता मानसून मचा रहा तबाही**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार और सोमवार तथा मंगलवार को महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। यहां भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। पालघर में देर रात बिजली गिरने की घटना में 6 लोग घायल हो गए। वहीं उत्तर पूर्वी क्षेत्र में लौटते हुए मानसून के कारण जमकर बारिश हो रही है। हैदराबाद में एक दिन में 194.1 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य 38.2 मिमी से 408% ज्यादा थी। लगातार बारिश और उस्मान सागर व हिमायत सागर से पानी छोड़े जाने के कारण मूसी नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। आसपास रिहायशी कॉलोनियों में पानी भर गया। 1000 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इधर, पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव पर भी बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर क्षेत्र बनेगा, जिससे अगले सात दिन तक दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बारिश होगी।

**राजस्थान में वज्रपात का अलर्ट :** राजस्थान से मानसून विदा हो गया है। लेकिन सक्रिय तंत्र के कारण बारिश की संभावना अभी भी बनी हुई है। ऐसे में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए राजस्थान के 5 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। जिसमें मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

### महाराष्ट्र में बारिश की संभावना

आईएमडी ने झारखंड में 2 अक्टूबर तक भारी बारिश की संभावना जताई है। कोल्हान क्षेत्र के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**तेलंगाना में मुसी नदी उफान पर**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भारी बारिश के बाद मुसी नदी में बाढ़ आ गई है। हिमायतसागर और उस्मानसागर जलाशयों के दरवाजे खोलने के बाद नदी उफान पर आ गई, जिससे चादरघाट पुल के पास सड़कें जलमग्न हो गईं और कई घरों में पानी घुस गया। निचले इलाकों से लगभग 1,500 लोगों को निकालकर राहत शिविरों में भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में बारिश का अलर्ट

छत्तीसगढ़ में आगामी एक दो दिनों में 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में पिछले 24 घंटों में दुर्ग और बस्तर संभाग के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। वहीं, राजधानी रायपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से कम रहा।

**30 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट**

आईएमडी ने 30 सितंबर तक गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, गोवा और कोंकण में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है और यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### लौटते मानसून के कारण हो रही बारिश

उत्तर-पश्चिम भारत से लौटते मानसून के कारण हो रही भारी बारिश से तबाही मची हुई है। गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, महाराष्ट्र से लेकर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक तक भारी बारिश को लेकर रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना में एक हजार से अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

# बम से दिल्ली हवाई अड्डे समेत कई स्कूलों को उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रमुख इमारतों और स्कूलों में बम की धमकियां मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे समेत कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉयड की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस अब धमकी भेजने वाले का पता लगाने में जुटी है।

**सतर्क हुई पुलिस**



### आरोपी ने ईमेल के जरिए दी धमकी

*दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने आईजीआई हवाई अड्डे के साथ द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और कुतुब मीनार के पास स्थित सर्वोदय विद्यालय प्रबंधन को ईमेल के जरिए बम धमाके की धमकी भेजी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हवाई अड्डे पर यात्रियों को प्रभावित किए बिना तलाशी अभियान चलाया, जबकि स्कूलों को खाली कराकर जांच की गई, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भेजने वाले का पता लगाया जा रहा है।*

### जम्मू हवाई अड्डे पर बम की झूठी धमकी

इससे पहले जम्मू हवाई अड्डे को भी ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों ने पूरी तरह से तोड़फोड़-रोधी अभ्यास किया। हालांकि, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस को तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने से कहा, आज सुबह एक निजी एयरलाइनर को एक ईमेल के जरिए बम धमाके की धमकी दी गई थी।

## होर्डिंग लगाते गिरे दो मजदूरों की मौत एक घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में एक आवासीय इमारत पर रविवार दोपहर होर्डिंग लगाने के दौरान नीचे गिर जाने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण बोपल इलाके में इमारत की सातवीं मंजिल से दो मजदूर गिर गए। पुलिस उपाधीक्षक (अहमदाबाद ग्रामीण) नीलम गोस्वामी ने बताया कि कम से कम 10 मजदूर इमारत की छत पर एक विज्ञापन एजेंसी का बड़ा होर्डिंग लगा रहे थे, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने बताया कि दो मजदूरों की गिरने से मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज जारी है। बोपल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक मजदूरों की पहचान राज और महेश के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे।

# फ्लैट में आग लगने से टीवी बाल कलाकार और उसके भाई की मौत

एजेंसी ▶▶ कोटा

राजस्थान के कोटा शहर में एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के बाद एक टीवी बाल कलाकार और उसके बड़े भाई की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया और दोनों भाइयों को अस्पताल पहुंचाया, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय दोनों बच्चों के परिजन किसी काम से शहर से बाहर गए हुए थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**संभवतः दोनों बालकों की मौत दम घुटने से हुई :** पुलिस ने बताया कि आग देर रात लगी और तेजी से फैली, जिससे अपार्टमेंट में घना धुआं भर गया। जब तक आग का पता चला, तब तक दोनों भाई बाहर नहीं निकल पाए थे। उस समय दोनों भाई सो रहे थे, लेकिन किसी के पहुंचने से पहले ही दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

**कैसे हुआ हादसा?**

पुलिस ने बताया कि मृतकों में टीवी बाल कलाकार वीर शर्मा (10) और उसका भाई शौर्य शर्मा (16) है। बच्चों के पिता जितेंद्र शर्मा काम के सिलसिले में बाहर गए थे। उनकी मां और अभिनेत्री रीता शर्मा एक शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थीं। रीता मिस बुल्गारिया का खिताब भी जीत चुकी हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों बालक पत्थर मंडी इलाका स्थित दीप श्री इमारत के फ्लैट नंबर 403 में सो रहे थे। उसी समय आग लग गई।

# क्रिकेटरों सहित बालीवुड के कलाकारों की संपत्ति होगी कुर्क

## युवराज-रैना, सोनू सूद समेत कई से ईडी ने की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


सोनू सूद | सुरेश रैना | युवराज सिंह

ईडी जल्द ही एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धनशोधन निवारण कानून के तहत कुछ खिलाड़ियों और अभिनेताओं की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 'वनXबेट' पोर्टल से जुड़े मामले की जांच में पाया गया है कि इनमें से कुछ हस्तियों ने उन्हें दिए गए विज्ञापन शुल्क का इस्तेमाल कई तरह की संपत्तियां हासिल करने में किया और ये पीएमएलए के तहत 'अपराध से अर्जित आय' मानी जाती हैं। संघीय जांच एजेंसी जल्द ही इन चल और अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी करेगी, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में स्थित कुछ संपत्तियां भी शामिल हैं। इन संपत्तियों का परिमाणीकरण और मूल्यांकन अभी जारी है। सूत्रों ने बताया कि धनशोधन से अर्जित संपत्तियों को अपराध की आय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उन्हें इसलिए कुर्क किया जाता है, ताकि इस अपराध में लिप्त व्यक्ति ऐसे आपराधिक कृत्य का फायदा न उठा पाए।

## शब्द पहेली - 6003



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6002 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6013

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## बीओबी को आईआईबीएक्स में कारोबार की मिली मंजूरी

**गांधीनगर।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा को गिफ्ट सिटी स्थित इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज आईएफएससी लिमिटेड (आईआईबीएक्स) पर कारोबार-सह-समाशोधन सदस्य (टीसीएम) के रूप में काम करने की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से मंजूरी मिल गई है।

# एलपीजी सप्लायर से हैं परेशान? मोबाइल की तरह पोर्ट करा पाएंगे गैस सिलेंडर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ ग्राहकों को अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी

क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं? अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी।

इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने 'एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी' मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिलेगी

### कंपनी व डीलर चुनने की स्वतंत्रता होगी

इसमें कहा गया, ''अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो। तत्कालीन संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था।



### उपभोक्ताओं से उपायों पर सुझाव आमंत्रित

पीएनजीआरबी अब कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है। नियामक ने कहा, ''पीएनजीआरबी, एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के विश्वास की रक्षा के लिए उपभोक्ताओं, वितरकों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों से ऐसे उपायों पर विचार और सुझाव आमंत्रित करता है जिनसे समय पर रिफिल की सुविधा मिल सके।''

### लागू करने की तारीख तय नहीं

टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा।

### परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता था

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### पहले डीलर बदलने के सीमित विकल्प थे

उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं। उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था।

## उद्योग निकाय सीआईएबीसी ने जारी की रिपोर्ट

# भारत में व्हिस्की बिक्री में दक्षिण भारत की 58 फीसदी हिस्सेदारी, कर्नाटक शीर्ष पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में बनी विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री में दक्षिणी राज्यों का दबदबा है। उद्योग निकाय सीआईएबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-25 में देश कुल आईएमएफएल बिक्री में दक्षिण भारत की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

सीआईएबीसी के अनुसार, दक्षिण भारत का आईएमएफएल बाजार पर लगभग पूरी तरह से कब्जा है, जबकि देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत है। हालांकि, पूरे देश में आईएमएफएल व्हिस्की की बिक्री में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो अब 40.17 करोड़ पेटी पर आ गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 39.62 करोड़ पेटी थी।

### शराब नीति के कारण बिक्री धीमी रही

सीआईएबीसी के महानिदेशक अनंत एस अय्यर ने 'पीटीआई भाषा' कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही चुनाव और कुछ राज्यों की शराब नीति के कारण कमजोर रही, जिससे बिक्री धीमी रही। उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकारों से लगातार संपर्क में हैं और आबकारी नीति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि हर साल राज्य स्तर पर कर और नीतियों में बदलाव होते हैं, जो बिक्री को प्रभावित करते हैं।

**भारत में बना विदेशी शराब में दक्षिणों राज्यों का दबदबा**

**देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत**



### तमिलनाडु 6.88 करोड़ पेटी के साथ दूसरे स्थान पर

*आईएमएफएल में व्हिस्की, वोडका, रम, जिन और ब्रांडी शामिल हैं, जिन्हें देशी शराब और पारंपरिक पेयों से अलग माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक ने 6.88 करोड़ पेटियों की बिक्री के साथ फिर से शीर्ष स्थान बनाए रखा, जबकि तमिलनाडु ने 6.47 करोड़ केस के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।*

### पुडुचेरी 19वें स्थान पर रहा

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने लगभग नौ-नौ प्रतिशत की हिस्सेदारी दी, जबकि केरल सातवें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण भारत में कुल मिलाकर बिक्री में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात यह है कि पुडुचेरी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 0.28 करोड़ पेटियों के साथ 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19वें स्थान पर रहा।

### उप्र ने छह फीसदी की वृद्धि दर्ज की

दक्षिणी भाग के बाद उत्तरी क्षेत्र का स्थान रहा, जिसने आईएमएफएल की बिक्री में 20 प्रतिशत का योगदान दिया, जहां उत्तर प्रदेश 2.50 करोड़ पेटियों के साथ शीर्ष पर रहा। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर, उत्तर प्रदेश छह प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ छठे स्थान पर रहा।

### उत्तरी क्षेत्र ने केवल एक फीसदी वृद्धि दर्ज की


*इसके बाद राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा का स्थान रहा, जो क्रमशः 1.37 करोड़ पेटियों, 1.18 करोड़ पेटियों और 1.17 करोड़ पेटियों के साथ आईएमएफएल की बिक्री में नौवें, 10वें और 11वें स्थान पर रहे। कुल मिलाकर, उत्तरी क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में आईएमएफएल की बिक्री में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।*

### पश्चिमी क्षेत्र का बिक्री में 12 फीसदी का योगदान

*रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिमी क्षेत्र ने 4.70 करोड़ पेटियों के साथ आईएमएफएल की बिक्री में 12 प्रतिशत का योगदान दिया, जहां महाराष्ट्र 2.71 करोड़ पेटियों की खपत के साथ सूची में सबसे ऊपर रहा। पूर्वी क्षेत्र में आईएमएफएल की बिक्री का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा था, जहां पश्चिम बंगाल 1.49 करोड़ पेटियों के साथ शीर्ष पर रहा।*

# आरबीआई के फैसले पर तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



छुट्टियों से प्रभावित इस सप्ताह में शेयर बाजार की चाल आरबीआई के ब्याज दर संबंधी फैसले, शुल्क संबंधी घटनाक्रम, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी। औद्योगिक उत्पादन और एचएसबीसी पीएमआई विनिर्माण आंकड़ों जैसे व्यापक आर्थिक रुझानों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। शेयर बाजार दशहरा और महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, ''बाजार एक ऐसे सप्ताह में प्रवेश कर रहा है, जहां कई आंकड़े आने हैं। घरेलू और वैश्विक दोनों ही संकेतक बाजार की चाल तय करेंगे। घरेलू मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों और आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर नजर रहेगी। इसके साथ ही सितंबर के वायदा-विकल्प अनुबंधों की समाप्ति के कारण अस्थिरता बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर किसी खबर से बाजार प्रभावित होगा।

# दवा कंपनियों ने अमेरिका से अपने उत्पाद वापस मंगाए

■ ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स, जाइडस जैसी कंपनियां शामिल



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय दवा निर्माता ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स इंडिया, सन फार्मा, जाइडस और यूनिकेम विनिर्माण संबंधी विभिन्न खामियों के चलते अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस मंगा रहे हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने यह जानकारी दी। नियामक ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि ये दवा निर्माता अमेरिकी बाजार से प्रभावित लॉट स्वेच्छा से वापस मंगा रहे हैं। यूएसएफडीए ने कहा कि मुंबई स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की एक अमेरिकी सहायक कंपनी 13,824 एजेलिक एसिड जेल ट्यूबों को वापस मंगा रही है। हैदराबाद स्थित ग्रैन्यूल्स इंडिया डेक्सट्रोएम्फेटामाइन सैकरेट, एम्फ़ेटामाइन एस्पार्टेट मोनोहाइड्रेट, डेक्सट्रोएम्फेटामाइन सल्फेट और एम्फ़ेटामाइन सल्फेट की 49,000 से अधिक बोतलें वापस मंगा रही है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

# त्योहारी मांग के चलते सराफा में तेजी जारी रहने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बरकरार रहने की उम्मीद है, लेकिन महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक संकेतकों के आने के बीच मुनाफावसूली भी देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर कारोबारी विनिर्माण और सेवाएं पीएमआई के आंकड़ों, सितंबर माह के लिए अमेरिका के रोजगार आंकड़ों के साथ ही उपभोक्ता विश्वास की स्थिति पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि सोना और चांदी में मौजूदा सकारात्मक गति जारी रहेगी, हालांकि, सप्ताह के अंत में कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता। सोने की कीमतों में सकारात्मक गति जारी रही और सप्ताह के अंत में कीमतें तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुईं।

**बिजनेस साइट**

# नवरात्रि पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की खास पेशकश



**रायपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स की सौगात पेश की है। सदर बाजार स्थित उनके फ्लैगशिप स्टोर एसबी बाय एटी में इन दिनों गोल्ड, डायमंड और पोल्की ज्वेलरी पर आकर्षक छूट दी जा रही है, जिससे ग्राहकों में उत्साह का माहौल है। शोरूम के सौरभ बरडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नवरात्रि पर ग्राहकों को उनकी खरीदारी पर शानदार छूट प्रदान की जा रही है। 125 ग्राम एवं उससे अधिक की खरीदारी पर 50,000 रुपए तक की छूट, 100 ग्राम पर 35,000 रुपए तक की छूट, 75 ग्राम पर 25,000 रुपए तक की छूट, 35 ग्राम पर 10,000 रुपए तक की छूट और 20 ग्राम पर 5,000 रुपए तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर केवल 2 अक्टूबर तक के लिए वैध है, इसलिए ग्राहक इसका लाभ सीमित समय में ही उठा सकते हैं।

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स पिछले 68 वर्षों से ग्राहकों के विश्वास, शुद्धता और उत्कृष्ट डिजाइनों का प्रतीक रहा है। यह प्रतिष्ठान हमेशा से पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ ज्वेलरी उपलब्ध कराता आया है। यही कारण है कि आज भी यह नाम रायपुर सहित पूरे क्षेत्र में "भरोसे का प्रतीक" माना जाता है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Gold Medalist, IUK) MD (Pathology, Utkal University)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG), F.M.A.S FRM (Gujarat University), DRM (Germany) स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
उपलब्ध विशेषताएं • पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • यौन रोग • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सिस्ट, सोनोग्राफी, • बांझपन का संपूर्ण इलाज • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉप्लर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% OFF
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

**एशिया कप जीतने पर देशभर में जश्न मनाया गया। खेल प्रेमियों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इज़हार किया...**





## वर्मा के बल्ले से हुआ भारत का 'विजय तिलक', कुलदीप ने की घातक गेंदबाजी, झटके 4 विकेट

# एशिया कप चैंपियन बनी टीम इंडिया, 9वीं बार जीता खिताब, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

**दुबई।** तिलक वर्मा ने नाबाद अर्धशतक लगाकर 'संकटमोचक ' की भूमिका निभाई और बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का एक बार फिर मानमर्दन करते हुए पांच विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप जीता। भारत को आखिरी ओवर में दस रन की जरूरत थी और विवादों से घिरे रहने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के हाथ में गेंद थी । तिलक ने दूसरी गेंद पर छक्का लगाया और चौथी गेंद पर रिंकू सिंह ने चौका जड़कर स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे प्रशंसकों को जश्न में सराबोर कर दिया।

जीत के लिए 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही थी और पहले पांच ओवर में 20 रन के भीतर तीन विकेट गिर गए थे। इसके बाद तिलक ने एक मोर्चा संभालकर 53 गेंद में नाबाद 69 रन बनाए जबकि संजू सैमसन (24) और शिवम दुबे (21 गेंद में 33 रन) ने उनका पूरा साथ दिया। फाइनल से पहले मैदान से बाहर के तनाव के बीच सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की इस टीम ने फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बावजूद बेखौफ खेल दिखाया और दबाव को हावी नहीं होने दिया। पहले कुलदीप यादव ने चार विकेट लेकर पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर समेट दिया और उसके बाद तिलक ने अपनी पारी से टीम को जीत तक पहुंचाया।

उन्होंने सैमसन के साथ 57 और दुबे के साथ 64 रन की साझेदारी की। मैच का निर्णायक पल रऊफ का 15वां ओवर था, जिसमें भारतीय बल्लेबाजों ने 17 रन निकाले। सुपर 4 चरण में भारतीय प्रशंसकों को भड़काऊ इशारे करने वाले रऊफ ने 3.4 ओवर में 50 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। इससे पहले अभिषेक शर्मा (पांच) जल्दी आउट हो गए।

### भारतीय टीम ने एसीसी प्रमुख नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से किया इनकार

**दुबई।** भारतीय टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी से एशिया कप विजेता की ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया । भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप जीता है । फाइनल से पहले ही अटकलें लगाई जा रही थी कि भारतीय खिलाड़ी जीतने पर नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और अपने देश के गृहमंत्री भी हैं और भारत विरोधी रवैये के लिए जाने जाते हैं ।



### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहिबजादा का तिलक बो वरुण | 57 | 38 | 5 | 3 |
| फखर जमां का कुलदीप बो वरुण | 46 | 35 | 2 | 2 |
| अयूब का बुमराह बो कुलदीप | 14 | 11 | 2 | 0 |
| हारिस का सिंह बो पटेल | 0 | 2 | 0 | 0 |
| आगा का सैमसन बो कुलदीप | 8 | 7 | 0 | 0 |
| तलत का सैमसन बो पटेल | 1 | 2 | 0 | 0 |
| नवाज का सिंह बो बुमराह | 6 | 9 | 0 | 0 |
| अफरीदी पगबाधा बो कुलदीप | 0 | 3 | 0 | 0 |
| अशरफ का तिलक बो कुलदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रऊफ बो बुमराह | 6 | 4 | 1 | 0 |
| अबरार अहमद नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** सात रन
**योग :** 19.1 ओवर में 146 रन
**गेंदबाजी :** दुबे 3-0-23-0, बुमराह 3.1-0-25-2, चक्रवर्ती 4-0-30-2, पटेल 4-0-26-2, कुलदीप 4-0-30-4, तिलक 1-0-9-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का रऊफ बो फहीम | 5 | 6 | 1 | 0 |
| गिल का रऊफ बो फहीम | 12 | 10 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का सलमान बो अफरीदी | 1 | 5 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 69 | 53 | 3 | 4 |
| सैमसन का फरहान बो अबरार | 24 | 21 | 2 | 1 |
| दुबे का अफरीदी बो फहीम | 33 | 22 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** दो रन
**कुल :** 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन
**गेंदबाजी :** अफरीदी 4-0-20-1, फहीम 4-0-29-3, नवाज 1-0-6-0, रऊफ 3.4-0-50-0 , अबरार 4-0-29-1, सईम 3-0-16-0

### अभिषेक ने टूर्नामेंट में बनाए सबसे ज्यादा रन

एशिया कप 2025 में अभिषेक के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने इस सीजन में खेले 7 मैचों की 7 पारियों में 314 रन सिर्फ 157 गेंदों का सामना करते हुए बनाए। अभिषेक ने इन 7 मैचों में 3 अर्धशतकीय पारी खेली और उनका बेस्ट स्कोर इस दौरान 75 रन रहा जबकि उनका औसत 44.85 का रहा। अभिषेक ने ये रन 200.00 की स्ट्राइक रेट से बनाए और इस दौरान कुल 32 चौके और 19 छक्के भी लगाए। अभिषेक इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर रहे।

### कुलदीप ने तोड़ा 4 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड

कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में 30 रन देकर 4 विकेट लिया और वो भारत की तरफ से टी20 फाइनल में सबसे बेस्ट बॉलिंग करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने एक साथ इरफान, चहल, हार्दिक और आरपी सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी गेंदबाजी के दम पर महारिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



### सैमसन ने तोड़ा पंत व धोनी का रिकॉर्ड

संजू सैमसन ने इस मैच में 21 गेंदों पर एक छक्का और 2 चौकों की मदद से 27 रन की पारी खेली। संजू ने अपनी इस पारी के दौरान एक छक्का लगाया और इस एक छक्के के दम पर वो भारत की तरफ से किसी एक टी20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर भी बन गए। एशिया कप 2025 में संजू ने कुल 7 छक्के लगाए और उन्होंने पंत व धोनी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने एक टी20 टूर्नामेंट में बतौर भारतीय विकेटकीपर 6-6 छक्के लगाए थे।

#### T20 टूर्नामेंट में विकेटकीपर के सबसे ज्यादा छक्के

7 – संजू सैमसन (एशिया कप 2025)
6 – एमएस धोनी (T20 वर्ल्ड कप 2009)
6 – ऋषभ पंत (T20 वर्ल्ड कप 2024)



### यादव ने बुमराह को छोड़ा पीछे

कुलदीप यादव ने एशिया कप में कुल 17 विकेट लिए और वो भारत की तरफ से एक टी20आई टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अर्शदीप सिंह के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए और जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया। अर्शदीप सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 17 विकेट लिए थे।

#### भारत के लिए एक टी20आई टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट

17 – अर्शदीप सिंह (टी20 वर्ल्ड कप, 2024)
17 – कुलदीप यादव (एशिया कप, 2025)
15 – जसप्रीत बुमराह (टी20 वर्ल्ड कप, 2024)
12 – आरपी सिंह (टी20 वर्ल्ड कप, 2007)
11 – आर अश्विन (टी20 वर्ल्ड कप, 2014)
11 – भुवनेश्वर कुमार (एशिया कप, 2022)
11 – हार्दिक पांड्या (टी20 वर्ल्ड कप, 2024)

### रऊफ को बुमराह ने दिया मुंहतोड़ जवाब, विकेट लेकर दिखाया प्लेन सेलब्रिशन

टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पाकिस्तान के हारिस राऊफ को जमकर ट्रोल किया। दरअसल, हारिस राऊफ ने भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले के दौरान फाइटर जेट की क्रैश लैंडिंग का जेस्टर कर भारतीयों को ट्रोल करने की कोशिश की। इसके जवाब में अब बुमराह ने राऊफ को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। खिताबी मुकाबले में बुमराह ने जैसे ही राऊफ को आउट किया उन्होंने फाइटर जेट की क्रैश लेंडिंग का जेस्चर कर उन्हें ट्रोल किया।

## खबर संक्षेप

### जूनियर विश्व कपः अनुष्का और एड्रियन ने जीते पदक

**नई दिल्ली।** उभरती हुई निशानेबाज अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर दूसरा स्वर्ण जीता जबकि एड्रियन करमाकर ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इससे भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर है जबकि इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। अठारह वर्षीय अनुष्का ने चार दिन में जूनियर विश्व कप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।



### लेडीज ओपनः शीर्ष पांच में रहीं प्रणवी

**ड्यूविले।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के अंतिम दिन टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। प्रणवी ने अंतिम दौर में छह अंडर 65 के स्कोर से कुल 10 अंडर 203 का स्कोर बनाया। कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में पार 71 के स्कोर से एक अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 46वां स्थान हासिल किया।



## चीन ओपनः कड़े मुकाबले में गॉफ ने लेला को हराया, तीसरे दौर में पहुंची

**बीजिंग।** फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने कड़े मुकाबले में लेला फर्नांडीज को तीन सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। गत चैंपियन गॉफ ने दूसरा सेट गंवाने के बावजूद फर्नांडीज को 6-4, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट के 12वें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर जीत दर्ज की। गॉफ इस डब्ल्यूटीए 1000 सीरीज टूर्नामेंट के अगले दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच और ऑस्ट्रेलिया की प्रिसकिला होन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगी।



### इवा ने एलेना को दी मात

इससे पहले इवा लिस ने 10वें नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका की मैकार्टनी केसलर ने बारबरा क्रेसिकोवा के 1-6, 7-5, 3-0 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई। महिला टूर्नामेंट के साथ चल रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में लोरेंजो मुसेटी ने अनुभवी एड्रियन मनारिनो को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया। मुसेटी अगले दौर में लर्नर टिएन से भिड़ेंगे, जिन्होंने फ्लावियो कोबोली को 6-3, 6-2 से हराया।

## महिला क्रिकेट विश्व कपः जुबीन के सम्मान में मुफ्त टिकट

**गुवाहाटी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के एसीए स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह में असम की सांस्कृतिक हस्ती जुबीन गर्ग को एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी और साथ ही मंगलवार को उद्घाटन मैच के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के अधिकारियों ने बताया कि शिलांग चैंबर क्वायर के अलावा अंगराग पापोन महंत और जोई बरुआ सहित राज्य के प्रमुख कलाकार संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान यह 40 मिनट की विशेष प्रस्तुति होगी। एसीए ने 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले उद्घाटन मैच के लिए गर्ग के प्रशंसकों के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित करने की भी व्यवस्था की है। गुवाहाटी खेल संघ (जीएसए) सोमवार को यहां एसीए की ओर से मुफ्त टिकट वितरित करेगा।



## नेपाल ने रचा इतिहास, वेस्टइंडीज को हराया



**शारजाह।** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में आई।

**वेस्टइंडीज की शुरुआत रही खराब :** इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रन आउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

### नेपाल ने आठ विकेट पर बनाए 148 रन

बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए, जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही।

## ला लीग टूर्नामेंट : एटलेटिको ने रियाल मैड्रिड को हराया



**बार्सीलोना।** जूलियन अल्वारेज के दो गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल मैड्रिड के खिलाफ 5-2 की आसान जीत दर्ज की। यह 75 साल में पहला मौका है जब एटलेटिको ने शहर की अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ पांच गोल किए हैं। अन्य मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी अल्बर्टो मोलेइरो के गोल से तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराया जबकि मालोर्का ने एल्वेस को 1-0 से हराकर सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। लेवांते और गेटाफे का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।

## सिरी ए टूर्नामेंट : अटलांटा ने यूवेंटस को बराबरी पर रोका

**मिलान।** कमालदीन सुलेमान के गोल की मदद से अटलांटा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सुलेमान ने मध्यांतर से ठीक पहले अटलांटा को बढ़त दिलाई लेकिन जुआन कबाल ने दूसरे हाफ में गोल दागकर यूवेंटस के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। यूवेंटस ने मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। मौजूदा सत्र के शुरुआती चार में से दो मैच गंवाने वाले इंटर मिलान ने कैगलियारी को 2-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की।



### अजेय अभियान जारी

अटलांटा ने 2018 से यूवेंटस के घरेलू मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है। टीम ने इस दौरान पांच जीत दर्ज की जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे। एक अन्य मुकाबले में क्रेमोनेस ने मौजूदा सत्र में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए कोमो को 1-1 से बराबरी पर रोका।

## इंग्लिश प्रीमियर लीगः क्रिस्टल पैलेस से हारा लीवरपूल



**लंदन।** एडी एनकेतिया के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में दागे गोल की बदौलत क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ क्रिस्टल पैलेस का अजेय अभियान 18 मैच तक पहुंच गया। टीम ने अप्रैल से कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैंपियन लीवरपूल की मौजूदा सत्र में यह पहली हार है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ की थी। अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल की बढ़त अब सिर्फ तीन अंक की रह गई है। क्रिस्टल पैलेस की टीम दूसरे स्थान पर है। चेल्सी को ब्राइटन के खिलाफ दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिससे उसे 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेल्सी की यह लगातार दूसरी हार है।







गुजरात में 2.2 करोड़ रुपए की एंबरग्रीस सहित एक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अमरेली

गुजरात पुलिस ने अमरेली जिले में 2.2 करोड़ रुपये कीमत की एंबरग्रीस जब्त की है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एंबरग्रीस एक ठोस, मोम सरीखा, ज्वलनशील पदार्थ है, जो हल्के भूरे या काले रंग का होता है और स्पर्म व्हेल के पाचन तंत्र में बनता है तथा इत्र के उत्पादन में इस्तेमाल होता है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत भारत में एंबरग्रीस का व्यापार करना, उसे रखना या स्थानांतरित करना गैरकानूनी है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष अभियान समूह ने वरसदा गांव में नियमित गश्त के दौरान आरोपी रवि भास्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से एंबरग्रीस के 40 छोटे-बड़े टुकड़े बरामद किए, जिनका कुल वजन 2.199 किलोग्राम था।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com